दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 93 जयपुर, मंगलवार, 12 मार्च, 2024 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष- द्वितीया, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

### मोदी सरकार ने जारी किया नोटिफिकेशन...

### तीन मुल्कों के छह प्रवासी समुदायों को मिलेगी नागरिकता

# लोकसभा चुनाव से पहले देश में लागू हुआ CAA

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र की मोदी सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार का यह बड़ा कदम है। इसके तहत अब तीन पड़ोसी देशों के अल्पसंख्यकों को भारत की नागरिकता मिल सकेगी। इसके लिए उन्हें केंद्र सरकार द्वारा तैयार किए गए ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन करना होगा। उधर, केंद्र द्वारा अधिसूचना जारी किए जाने के बाद दिल्ली, उत्तर समेत कई राज्यों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

दरअसल, 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने सीएए को अपने घोषणा पत्र में शामिल किया था। गृह मंत्री अमित शाह हाल ही के अपने चुनावी भाषणों में कई बार नागरिकता संशोधन कानून या CAA को लागू करने की बात कर चुके थे। उन्होंने ऐलान किया था कि लोकसभा चुनाव से पहले इसे लागू कर दिया जाएगा। अब केंद्र ने नोटिफिकेशन जारी करते हुए इसे लागू कर दिया है।




#### तीन देशों के शरणार्थियों को मिलेगा लाभ

नागरिक संशोधन अधिनियम (CAA) दिसंबर 2019 में संसद से पारित हो चुका है। सरकार का कहना है कि सीएए दूसरे देशों के शरणार्थियों को नागरिकता देने के लिए बनाया गया है, न कि किसी की नागरिका छीनने के लिए। इसे लेकर देश में खासकर मुस्लिम समुदाय को भड़काया जा रहा है। CAA से किसी भारतीय की नागरिकता को संकट नहीं है। इस अधिनियम में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। सीएए तो बांग्लादेश और पाकिस्तान से लौटने वाले शरणार्थियों को नागरिकता देगा, जो अत्याचारों के चलते भारत लौटकर आ गए थे। केंद्र सरकार ने सीएए से संबंधित एक वेब पोर्टल तैयार किया गया है। तीन मुस्लिम बहुल पड़ोसी मुल्कों से आने वाले वहां के अल्पसंख्यकों को इस पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा और सरकारी जांच पड़ताल के बाद उन्हें कानून के तहत नागरिकता दी जाएगी। इसके लिए बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए विस्थापित अल्पसंख्यकों को कोई दस्तावेज देने की जरूरत नहीं होगी।

#### 2019 में केंद्र सरकार ने कानून में किया था संशोधन

साल 2019 में नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार ने नागरिकता कानून में संशोधन किया था। इसमें अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश से 31 दिसंबर 2014 से पहले आने वाले छह अल्पसंख्यकों (हिंदू, ईसाई, सिख, जैन, बौद्ध और पारसी) को भारत की नागरिकता देने का प्रावधान किया गया था. नियमों के मुताबिक, नागरिकता देने का अधिकार केंद्र सरकार के हाथों में होगा।

#### गृह मंत्री शाह ने दिए थे सीएए लागू करने के संकेत

गृह मंत्री अमित शाह ने 10 फरवरी को एक कार्यक्रम में CAA लागू करने के संकेत दिए थे। उन्होंने कहा था कि इस बारे में कोई कंफ्यूजन नहीं रहना चाहिए कि सीएए को लोकसभा इलेक्शन से पहले लागू किया जाएगा। देश के मुस्लिमों को भड़काया गया, संशोधित कानून में किसी भारतीय की नागरिकता छीनने का प्रावधान नहीं है।

#### किन लोगों को मिलेगी नागरिकता?

नागरिकता देने का अधिकार पूरी तरह से केंद्र सरकार के पास है। पड़ोसी देश अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के हिंदू, सिख, जैन, पारसी, बौद्ध और ईसाई समुदायों से आने वाले प्रवासियों को भारतीय नागरिकता देने के लिए 1955 के नागरिकता अधिनियम में संशोधन किया गया है। ऐसे प्रवासी नागरिक, जो अपने देशों में धार्मिक उत्पीड़न से तंग आकर 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में आकर शरण ले चुके हैं। इस कानून के तहत उन लोगों को अवैध प्रवासी माना गया है, जो भारत में वैध यात्रा दस्तावेज (पासपोर्ट और वीजा) के बगैर घुस आए हैं या फिर वैध दस्तावेज के साथ तो भारत में आए हैं, लेकिन तय अवधि से ज्यादा समय तक यहां रुक गए हों।

### SBI को आज देना होगा इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ा सभी डेटा

# चुनावी बॉन्ड मामले में SC की SBI को फटकार, आज दो डेटा

एजेंसी | नई दिल्ली

इलेक्टोरल बॉन्ड मामले पर सोमवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने बैंक की वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें उसने सुप्रीम कोर्ट से बॉन्ड से जुड़ी सभी जानकारी देने की समय सीमा को 30 जून तक बढ़ाने की मांग की थी। पिछले महीने ही सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम पर रोक लगाई थी और साथ ही एसबीआई से चुनावी बॉन्ड के दानकर्ता की जानकारी, रकम और चंदा लेने वालों का खुलासा करने के लिए 6 मार्च, 2024 तक का समय दिया था। शीर्ष अदालत ने एसबीआई को इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ी सभी जानकारी देने के लिए अब 12 मार्च यानी मंगलवार तक का समय दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले चुनावी बॉन्ड मामले की सुनवाई के दौरान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से पूछा कि उसने पिछले 26 दिनों में उन राजनीतिक दलों की जानकारी देने के लिए क्या कुछ कदम उठाए, जिन्होंने स्कीम पर रोक लगाए जाने से पहले इलेक्टोरल बॉन्ड भुनाए या कैश कराए हैं? शीर्ष अदालत ने पिछले महीने ही स्कीम पर रोक लगाई थी और एसबीआई से इन बॉन्ड के जरिए चंदा लेने वाले राजनीतिक दलों की जानकारी भी मांगी थी।

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 5 जजों की बेंच ने एसबीआई की उस याचिका पर सुनवाई की, जिसमें दानकर्ता की जानकारी, दानराशि और प्राप्तकर्ताओं का खुलासा करने के लिए समय सीमा 30 जून तक बढ़ाने की मांग की गई थी। पहले ये डेडलाइन 6 मार्च 2024 थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की बैंक की याचिका, पूछा कि पिछले 26 दिन से आपने क्या किया?

#### पांच जजों की पीठ ने सुनवाई के दौरान एसबीआई से किए सख्त सवाल




#### EC को जारी करना होगा इलेक्टोरल बॉन्ड डेटा

सीजेआई ने अपने फैसले में ये भी कहा कि समय सीमा बढ़ाने का कोई आधार नहीं है, क्योंकि एसबीआई के पास केवाईसी सिस्टम है, जिसके जरिए वो ये सभी डिटेल आसानी से मुहैया करा सकता है। उन्होंने ये भी कहा कि कोर्ट की तरफ से मांगे जाने पर जानकारी का खुलासा करना एसबीआई के लिए अनिवार्य है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को भी निर्देश दिया कि एसबीआई की तरफ से इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर जो भी डेटा आएगा, ईसी को वो डेटा 15 मार्च तक जनता के सामने जारी करना होगा।

#### आदेश का पालन नहीं तो चलेगा मानहानि का केस

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर SBI ने इस आदेश का पालन नहीं किया तो उसपर जानबूझकर अदालत के आदेश की अवहेलना का केस क्यों न चले? कोर्ट ने कहा कि अभी एसबीआई पर कंटेंप्ट नहीं किया है लेकिन आगाह किया है कि अगर उक्त आदेश का पालन नहीं हुए तो क्यों न कटेंप्ट चले?

## जरूरी खबर

### चांद के दीदार के साथ ही पवित्र रमजान शुरू



**जयपुर।** पवित्र महीने रमजान के चांद का सोमवार को दीदार हो गया है। मंगलवार से रोजे की शुरुआत हो जाएगी। पवित्र महीने रमजान में मुसलमान भाई तीस दिनों तक रोजे रखकर खुदा से गुनाहों की माफी मांगते हैं। रमजान रहमतों की बारिश करने वाला महीना भी है। इस बार का रमजान गुलाबी ठंड में शुरू हो रहा है। इस बार करीब तेरह घंटे का रोजा होगा। पंद्रह सालों बाद गुलाबी ठंड में तेरह घंटे के रोजे होने से रोजेदारों को थोड़ी आसानी होगी। इस मौके पर मस्जिदों में सजावट के खास इंतजाम किए गए हैं। प्रशासन ने भी मस्जिदों के पास और मुस्लिम इलाकों में साफ सफाई करा दी है। तरावीह की नमाज का लोगों में जबरदस्त जोश है।. मुसलमान मसाजिद में जाकर तरावीह सुनते हैं। रमजान के पूरे महीने तरावीह का दौर चलता है। चांद नजर आने के साथ तरावीह की तैयारियों में लोग जुट गए थे।

## ये भी देखें...

जिलों में आर्थिक विकास के खुलेंगे द्वार: दीया पेज-2

गुर्जर समाज ने लोकसभा चुनावों में मांगे 5-5 टिकट पेज-3

महुआ को नहीं मिली राहत, मई में सुनवाई पेज-7

### पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल...

# 317 डिप्टी एसपी के तबादले

बेधड़क | जयपुर

राज्य सरकार ने पुलिस महकमे में एक बार फिर बड़ा बदलाव किया है। डिप्टी एसपी स्तर के पुलिस अधिकारियों की एक लंबी ट्रांसफर लिस्ट जारी की गई है। 317 डिप्टी एसपी के तबादले किए गए हैं। 189 डिप्टी एसपी के तबादलों के साथ 31 प्रशिक्षु आरपीएस अफसरों को भी पोस्टिंग दी गई है। साथ ही हाल ही में इंस्पेक्टर से पदोन्नत हुए 97 डिप्टी एसपी को भी सर्किल आवंटित किए गए हैं। यह ट्रांसफर लिस्ट पुलिस महानिदेशक यूआर साहू की ओर से जारी की गई है।

जारी लिस्ट में आरपीएस भोपाल सिंह भाटी का अजमेर से जयपुर आयुक्तालय में ट्रांसफर किया गया है। भाटी को जयपुर आयुक्तालय के शास्त्री नगर में एसीपी लगाया गया है, जबकि बालाराम जाट को गोविंदगढ़ वृत्ताधिकारी से तबादला करके अशोक नगर एसीपी लगाया गया है। सुरेंद्र सिंह को वैशाली नगर से बगरू और कैलाश जिंदल को अशोक नगर से सोडाला एसीपी लगाया गया है। मालवीय नगर एसीपी रहे संजय शर्मा को मानसरोवर सर्किल का एसीपी लगाया गया है, जबकि अजय कुमार शर्मा को चाकसू सर्किल से नगर निगम ग्रेटर में भेजा गया है। हाल ही में पदोन्नत हुए चंद्रप्रकाश को जयपुर आयुक्तालय की साइबर सेल में ही तैनात किया गया है। ■ पेज 2 भी देखें

#### आचार संहिता से पहले आई बड़ी लिस्ट

आगामी दो तीन दिन में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने वाली है। इससे पहले पुलिस अधिकारियों की यह बड़ी ट्रांसफर लिस्ट जारी की गई है। इससे पहले एडिशनल एसपी और आरएएस अफसरों की दो बड़ी ट्रांसफर लिस्ट जारी हो चुकी है। ऐसा माना जा रहा है कि चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले कुछ और ट्रांसफर लिस्ट जारी हो सकती है।

### सांसद राहुल कस्वां कांग्रेस में शामिल



जयपुर। चूरू सांसद राहुल कस्वां ने भारतीय जनता पार्टी को अलविदा कह दिया है। सोमवार को दिल्ली में वे कांग्रेस में शामिल हो गए। पार्टी छोड़ने के बाद राहुल कस्वां ने बीजेपी पर कई संगीन आरोप लगाए। भाजपा का दामन छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने के साथ ही राहुल कस्वां ने लोकसभा सांसद के पद से इस्तीफा दे दिया। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राहुल कस्वां के कांग्रेस में शामिल होने का स्वागत किया है। गहलोत ने कहा कि इससे 'न्याय' की लड़ाई मजबूत होगी।






### राम हमारे रोम-रोम में बसे हैं: मुख्यमंत्री

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उनके कैबिनेट मंत्रियों और अफसरों ने सोमवार को अयोध्या में रामलला के दर्शन किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि 'मुझे अयोध्या पहुंचकर खुशी हो रही है। मैंने पहले तंबू में दर्शन किए थे। यह सुखद है कि हम भव्य और दिव्य मंदिर में दर्शन कर रहे हैं। मैं अभिभूत हूं कि रामलला का इतना भव्य मंदिर बना है। राम हमारे रोम-रोम में बसे हैं। राम हमारी आस्था के ही नहीं बल्कि हमारे राष्ट्र के, पूरी दुनिया के आराध्य हैं। हमने आज रामलला के दर्शन किए। राजस्थान और देश की खुशहाली की कामना की। हमारा प्रदेश और हमारा देश 21वीं सदी में दुनिया का सिरमौर बने यही रामलला से प्रार्थना की।

■ पेज 2 भी देखें

### एमआईआरवी तकनीकी से लैस है बैलेस्टिक मिसाइल

# अग्नि-5 मिसाइल का परीक्षण सफल, मोदी ने DRDO को दी बधाई

एजेंसी | भुवनेश्वर

भारत ने सोमवार को पहली बार एक से अधिक परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम एमआईआरवी तकनीकी से लैस बैलेस्टिक मिसाइल अग्नि 5 का सफल परीक्षण किया है। इसी के साथ भारत दुनिया के चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है, जिनके पास एमआइआरवी तकनीकी से लैस मिसाइल हैं।

इस मिसाइल के जद पूरे पाकिस्तान के साथ चीन के अधिकांश शहर हैं। इस मिसाइल की मारक क्षमता 5 हजार किमी. से अधिक बताई गई है। मिसाइल की खासियत के बारे में इस बात से ही समझा जा सकता है कि ओडिशा के बालेश्वर में मौजूद इंटरिम परीक्षण रेंज से जैसे ही इस शक्तिशाली और लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइल का सफल परीक्षण हुआ खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर इसकी जानकारी देने के साथ ही वैज्ञानिकों को बधाई दी।



#### एक सेकंड में तय कर सकती है 8.16 किमी की दूरी

अग्नि-5 मिसाइल का वजन 50 हजार किलोग्राम है। यह 17.5 मीटर लंबी है। इसका व्यास 2 मीटर यानी 6.7 फीट है। इस पर 1500 किलोग्राम का परमाणु युद्धशस्त्र लगा सकते हैं। इसमें सॉलिड ईंधन पर चलने वाले तीन स्टेज वाले रॉकेट बूस्टर लगे हैं। इसकी स्पीड आवाज की रफ्तार से 24 गुना है। यानी यह एक सेकंड में 8.16 किलोमीटर की दूरी तय करता है। अग्नि-5 मिसाइल दुश्मनों पर 29,401 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हमला करती है। यह रिंग लेजर जायरोस्कोप इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम, जीपीएस, नवइक सैटेलाइट गाइडेंस सिस्टम से लैस है। अग्नि-5 मिसाइल टार्गेट के साथ ही इसके आसपास के इलाके को भी अपनी जद में ले लेती है। अगर टार्गेट अपनी जगह से 10 से 80 मीटर हट भी जाता है तो भी इसे बचाना मुश्किल होगा।

**लक्ष्यभेद की क्षमता 5 हजार किमी से अधिक:** बालेश्वर जिले में मौजूद एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप के इंटररिम परीक्षण रेंज से इस मिसाइल के 25वें वर्जन का सफल परीक्षण किया गया। यह मिसाइल जमीन से जमीन पर मार करने वाली अंत: महादेशीय बैलेस्टिक मिसाइल है। इसके लक्ष्यभेद की क्षमता 5 हजार किमी से अधिक है। यह मिसाइल पाकिस्तान एवं चीन के लिए चिंता का कारण हो सकती है क्योंकि पाकिस्तान एवं चीन के किसी भी शहर में तांडव रचने में सक्षम है।

#### पीएम ने ट्वीट कर दी बधाई

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार शाम को ट्वीट करते हुए लिखा कि मल्टिपल इंडीपेंडेंटली टारगेट ब्लू री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) तकनीकी के साथ देश में ही विकसित अग्नि 5 मिसाइल का पहला फ्लाइट टेस्ट किया गया है। मिशन दिव्यास्त्र के लिए मुझे मेरे डीआरडीओ के वैज्ञानिकों पर गर्व है। इस मिशन के तहत, उन्होंने स्वदेशी रूप से विकसित अग्नि-5 मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण किया है, जिसे मल्टिपल इंडीपेंडेंटली टारगेट ब्लू री-एंट्री व्हीकल तकनीकी के साथ विकसित किया गया है।

## जरूरी खबर

### राजस्थान रोडवेज को दिया जाएगा उत्कृष्टता पुरस्कार



**जयपुर।** राज्य सड़क परिवहन उपक्रम संघ द्वारा नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 64वें वार्षिक सम्मेलन में राजस्थान रोडवेज को राष्ट्रीय सार्वजनिक बस परिवहन उत्कृष्टता पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव व रोडवेज अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रेया गुहा ने बताया कि रोडवेज को यह पुरस्कार सीमित संसाधनों में भी कार्मिकों की बेहतर उत्पादकता देने और रोड़वेज के यांत्रिक शाखा द्वारा बेहतर डीजल एवरेज देने के लिए दिया जा रहा है। रोडवेज की ओर से कार्यकारी निदेशक (यांत्रिक) रवि सोनी यह अवार्ड ग्रहण करेंगे।

### वंदेभारत ट्रेन अब अजमेर से जाएगी चंडीगढ़ तक

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भारतीय रेल की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण एवं शुभारंभ करेंगे। इसी क्रम में प्रधानमंत्री द्वारा डेडीकेट फ्रेट कॉरिडोर के ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर का लोकार्पण एवं वेस्टर्न डेडिकेट फ्रेट कॉरिडोर का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोकार्पण करेंगे। उत्तर पश्चिम रेलवे पर भी सुबह 8 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जयपुर मंडल पर स्थित डेडीकेट फ्रेट कॉरिडोर के 9 स्टेशनों, एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल का जयपुर, दौसा,अलवर, रींगस रेलवे स्टेशनों व रेवाड़ी,धानक्या माल गोदाम का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया जाएगा।

### ग्यारहबास कोली समाज के अध्यक्ष बने इन्द्र कुमार



**जयपुर।** ग्यारहबास कोली समाज पंचायत विकास समिति के चुनाव रविवार को राबाउमा विद्यालय कोलियों की कोठी में मुख्य चुनाव अधिकारी तारा चन्द कोली के सानिध्य में संपन्न हुए। देर रात तक चली मतगणना के बाद 462 मतों से इन्द्र कुमार बासनवाल को समिति का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर 310 मतों के साथ रवि कोली और महामंत्री पद पर डिप्टी नारायण विजयी रहे। डिप्टी नैनपुरिया ने बताया कि इससे पहले कोषाध्यक्ष के लिए एड. राधेश्याम गोठवाल और संगठन मंत्री मोहन लाल डंगाड़ा को निर्विरोध निर्वाचित किया गया।

**चूरू सांसद ने थामा कांग्रेस का हाथ, बोले- आम जनता के दुख दर्द को सुनने वाला बीजेपी में कोई नहीं**

# सामंतवादी सोच वाली पार्टी बन गई है भाजपा: राहुल कस्वां

**बेधड़क** | जयपुर

चूरू सांसद राहुल कस्वां ने भारतीय जनता पार्टी को अलविदा कह दिया है। सोमवार 11 मार्च को दिल्ली में वे कांग्रेस में शामिल हो गए। पार्टी छोड़ने के बाद राहुल कस्वां ने बीजेपी पर कई संगीन आरोप लगाए।

उन्होंने कहा कि भाजपा सामंतवादी सोच वाली बन गई है। देश के गरीब और आम जनता के दुख दर्द को सुनने वाला बीजेपी में कोई नहीं है। कस्वां ने कहा कि देश का किसान पिछले कई सालों से अपना हक मांगते हुए आंदोलन कर रहे हैं लेकिन बीजेपी किसानों



की आवाज को लगातार अनसुना कर रही है। उन्होंने कहा कि इसलिए कांग्रेस जॉइन की है। कांग्रेस में रहकर अपने क्षेत्र के लोगों की मजबूती के लिए काम करते रहने का वादा किया।

### सांसद पद से दिया इस्तीफा

भाजपा का दामन छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने के साथ ही राहुल कस्वां ने लोकसभा सांसद के पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपने लोकसभा क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए सोशल मीडिया के ट्विटर पेज पर लिखा कि आप सब की भावनाओं के अनुरूप वे सार्वजनिक जीवन में एक बड़ा फैसला लेने जा रहे हैं। बीजेपी अलविदा कहने के दौरान कस्वां ने पीएम नरेंद्र मोदी, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री अमित शाह का यह कहते हुए धन्यवाद दिया कि उन्होंने 10 साल तक चूरू लोकसभा परिवार की सेवा करने का अवसर प्रदान किया।

### सामंतवादियों से लड़ने के लिए कांग्रेस में आए

राहुल कस्वां के कांग्रेस में शामिल होने के बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सामंतवादी सोच वाले लोगों से लड़ने के लिए राहुल कस्वां ने कांग्रेस जॉइन की है। ऐसी विचारधारा के लोग ज्यादा से ज्यादा जुड़ेंगे तो बीजेपी कहीं की नहीं रहेगी। खरगे ने कहा कि ऐसी सोच रखने वाले राहुल कस्वां जैसे नेताओं की कांग्रेस को जरूरत है। मोदी और शाह तो पहले भी नेताओं को डराते धमकाते रहे हैं। अभी भी डराने धमकाने का काम कर रहे हैं। खरगे ने कहा कि राहुल कस्वां जिन उसूलों को लेकर कांग्रेस में आए हैं, उन पर काम करेंगे।

### बीजेपी ने कस्वां को किया टॉर्चर

राहुल कस्वां के कांग्रेस में शामिल होने के दौरान प्रदेश कांग्रेस के कई नेता मौजूद रहे। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि किसान परिवारों से आने वाले लोग बीजेपी में असहज महसूस कर रहे हैं। केंद्र की बीजेपी सरकार किसानों के खिलाफ काम कर रही थी। किसानों से समझौता करके मुकर गई। देश की महिला पहलवानों के साथ किस तरह का बर्ताव हुआ, यह पूरे देश ने देखा है। डोटासरा ने कहा कि देश का किसान वर्ग बीजेपी की गलत नीतियों से परेशान था। डोटासरा ने कहा कि बीजेपी ने किसान के बेटे राहुल कस्वां को टॉर्चर किया। कस्वां को कभी किसानों के मुद्दे उठाने की इजाजत नहीं दी।

**सीएम, मंत्री और विधायकों के साथ लोस अध्यक्ष भी पहुंचे अयोध्या**

# रामलला के दर्शन कर लौटी सरकार, मांगी सुख-समृद्धि

**सीएम सहित सांसद और विधायकों का जयपुर पहुंचने पर स्वागत**

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश सरकार के मुखिया सीएम भजनलाल शर्मा सोमवार को भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंत्रिपरिषद् के सदस्यों और विधायकों के साथ पहली बार अयोध्या पहुंचे। मुख्यमंत्री ने अयोध्या के श्रीराम मंदिर में रामलला के दर्शन किए और पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेशवासियों के लिए सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री शर्मा जब मंत्री, सांसद, विधायक, मुख्य सचिव, वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अयोध्या पहुंचे तो एकबारगी ऐसा लगा मानो श्रीरामलला के द्वार पर उनके दर्शन करने पूरी राजस्थान सरकार ही पहुंची है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राम हमारी आस्था के केन्द्र हैं, वे हमारे रोम-रोम में बसे हैं। इस दुनिया में सब कुछ करने वाले राम हैं। सब राम की ही महिमा है। उन्होंने कहा कि पहले अयोध्या में भगवान रामलला के टेंट में दर्शन किए थे। अब इस भव्य और दिव्य मंदिर में भगवान के दर्शन करना अभिभूत करने वाला अनुभव है। मुख्यमंत्री शर्मा यहां स्थित दशरथ कुंड में अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन पुष्कर की ओर से आयोजित सरस्वती देवी शिव किशन दम्मानी भवन के भूमि पूजन और शिलान्यास समारोह में भी शामिल हुए। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मुख्यमंत्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन की पूर्णाहुति में हिस्सा लिया। हनुमान चालीसा का पाठ किया। उन्होंने राम मंदिर निर्माण कार्य से जुड़े श्रमिकों और कारीगरों से आत्मीयता पूर्वक संवाद किया।



### अयोध्या दौरे पर कांग्रेस चीफ डोटासरा का तंज

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपनी कैबिनेट के साथ अयोध्या में भगवान रामलला के दर्शन किए। इधर बीजेपी कैबिनेट के अयोध्या जाने को लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बीजेपी पर तंज कसा है। डोटासरा ने कहा कि दिल्ली से पर्ची आई है, इसलिए अयोध्या गए हैं। इधर, उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा और हम दिल्ली जा रहे हैं। डोटासरा बीजेपी में रह चुके सांसद राहुल कस्वां को दिल्ली में सदस्यता ग्रहण करवाने के लिए रवाना होते समय मीडिया से बातचीत करते हुए बोल रहे थे। डोटासरा जब से बीजेपी सरकार बनी है, तब से लगातार पर्ची सरकार कहकर हमला कर रहे हैं। डोटासरा कहते हैं कि राजस्थान में दिल्ली से सरकार चलती है।

### गोविंदगिरी ने जताई खुशी

इस दौरान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविन्दगिरि महाराज ने मुख्यमंत्री शर्मा और मंत्रि मंडल सदस्यों के अयोध्या आगमन को सुखद बताया और खुशी जताई। उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा है जैसे पूरा राजस्थान ही राम की पूजा करने आया है। स्वामी श्रीधराचार्य ने भी कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए इस सामाजिक कार्य की पहल की सराहना की।

### ये हुए शामिल

अयोध्या यात्रा में विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना, केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, राजस्थान सरकार के मंत्री, सांसद सी.पी. जोशी, सांसद, विधायक, मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित वरिष्ठ अधिकारी, समाजसेवी एवं गणमान्यजन लोग शामिल रहे।

### सरकार करा रही यात्रा

मुख्यमंत्री शर्मा ने राज्य सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा 3 हजार वरिष्ठ तीर्थयात्रियों को अयोध्या की यात्रा करवाई जा रही है। जयपुर से अयोध्या के लिए विशेष विमान सेवा शुरू की गई है। राजस्थान के सात संभाग मुख्यालयों से श्रीरामलला के दर्शन के लिए राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की बसें चलाई गई हैं।

**317 DSP स्तर के अधिकारी बदले**

# लोकसभा चुनाव से पहले पुलिस महकमे में बड़ा बदलाव



संजय शर्मा
मानसरोवर एसीपी



आलोक गौतम
वैशाली नगर एसीपी



भोपाल सिंह भाटी,
एसीपी शास्त्री नगर



अशोक चौहान
चौमूं एसीपी

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में एक बार फिर पुलिस विभाग में बड़ा बदलाव करते हुए एक साथ 317 डीएसपी स्तर के अधिकारियों के तबादले किए गए है। खास बात है कि इस तबादला सूची में 30 प्रशिक्षु आरपीएस को भी पोस्टिंग दी गई है। पुलिस महानिदेशक कार्यालय की ओर से जारी सूची के अनुसार भोपाल सिंह भाटी को सहायक पुलिस आयुक्त शास्त्री नगर जयपुर, रामचंद्र को वृताधिकारी अजमेर ग्रामीण, रुद्र प्रकाश शर्मा को वृताधिकारी अजमेर उत्तर, मनीष बडगूजर को वृताधिकारी बुहाना झुंझुनू, मनीष शर्मा को वृताधिकारी कोटा चतुर्थ, गौरीशंकर बोहरा को पुलिस अधीक्षक जेडीए जयपुर, पूनम बरगद को वृताधिकारी नदबई भरतपुर, जरनैल सिंह को वृताधिकारी मनोहरथाना झालावाड़, धर्मेंद्र बिश्नोई को पुलिस अधीक्षक साइबर क्राइम जिला बीकानेर, विकास गढ़वाल को वृताधिकारी चिड़ावा झुंझुनू, राजेंद्र कुमार वृताधिकारी कोटपूतली बहरोड, ओमप्रकाश गोदारा को सहायक कमांडेंट इंडस्ट्री बटालियन बीकानेर, सुनील प्रसाद शर्मा को वृताधिकारी भरतपुर, हंसराज बैरवा को वृताधिकारी शाहपुरा, श्याम सुंदर बिश्नोई को वृताधिकारी भीलवाड़ा शहर, मोहम्मद को वृताधिकारी उनियारा टोंक, महावीर शेखावत का वृताधिकारी झाड़ोल उदयपुर, इंदू लोदी को पुलिस अधीक्षक लीव रिजर्व राइट्स पुलिस मुख्यालय जयपुर, नानालाल सालवी को वृताधिकारी धरियावद प्रतापगढ़, रूप सिंह का वृताधिकारी सागवाड़ा डूंगरपुर, गोपाल लाल शर्मा को वृताधिकारी छोटी सादड़ी प्रतापगढ़, तपेंद्र मीणा को वृताधिकारी धौलपुर, नरेंद्र कुमार को वृताधिकारी बीकानेर लगाया गया है। इसी तरह अनीता मीणा को सहायक कमांडेंट 7वीं बटालियन आरएसी भरतपुर, सीताराम बैरवा को वृताधिकारी केला देवी जिला करौली, हरिराम मीणा को वृताधिकारी सपोटरा करौली, धर्मेंद्र कुमार को वृताधिकारी भुसावर भरतपुर, महेंद्र कुमार को पुलिस बाल निदेशक जयपुर, मनोज कुमार गुप्ता को पुलिस अधीक्षक इंटेलिजेंस ट्रेंनिंग अकेडमी जयपुर, बाबूलाल मीणा को गुड्डा मालानी बाड़मेर, आशीष कुमार प्रजापत को वृताधिकारी नगर डीग, देशराज कुलदीप को वृताधिकारी पीपल टोंक, गिरिराज प्रसाद मीणा को वृताधिकारी बोंली सवाई माधोपुर, बाबूलाल बिश्नोई को वृताधिकारी अधिकारी मांडल भीलवाड़ा, घनश्याम मीणा को वृताधिकारी हिंडोली बूंदी, दीपक खंडेलवाल को वृताधिकारी दूदू ,अनिल कुमार डोरिया को पुलिस अधीक्षक डिस्काउंट सवाई माधोपुर, संजय बोथरा को वृताधिकारी रिंगस सीकर, शालिनी बजाज को वृताधिकारी गंगा शहर जिला बीकानेर, गोगाराम को वृताधिकारी मांडल भीलवाड़ा, अनिल कुमार को वृताधिकारी सरदारशहर चुरु, अजीत सिंह चावला को वृताधिकारी अनूपगढ़, किशन सिंह को उप अधीक्षक पुलिस सीआईडी सब यूनिट गंगानगर, अरविंद कुमार जाट को वृताधिकार मुलाना नागौर, रघुवीर सिंह भाटी को पुलिस अधीक्षक यातायात जिला गंगानगर, महेंद्र कुमार मेघवंशी को वृताधिकारी घाटोल बांसवाड़ा, संजय कुमार शर्मा को सहायक पुलिस आयुक्त मानसरोवर जयपुर, सुरेंद्र सिंह को सहायक पुलिस आयुक्त बगरू जयपुर, अनिल कुमार शर्मा को सहायक आयुक्त शहर जयपुर, आदित्य पूनिया को सहायक पुलिस आयुक्त मालवीय नगर लगाया गया है।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई परियोजनाओं की दी सौगात**

# सीमावर्ती जिलों में विकास के खुलेंगे द्वार: दीया

**बेधड़क** | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को प्रदेश को 1799 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाएं की सौगात दी। पीएम मोदी ने वर्चुअल माध्यम से प्रदेश में अमृतसर-जामनगर आर्थिक गलियारे के 6-लेन पहुंच नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग खंड के 53.30 किमी लंबाई के 2 खंड राष्ट्र को समर्पित किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अयोध्या स्थित एक होटल से इस





कार्यक्रम में वीडियो कांन्फ्रेसिंग के माध्यम से शामिल हुए। राजधानी में आरआईसी में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि अमृतसर-जामनगर इकॉनोमिक कॉरिडोर के विकास से सम्पूर्ण प्रदेश और विशेषकर राज्य के सीमावर्ती जिलों के आर्थिक विकास के नए अवसर खुलेंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, जोधपुर, बाड़मेर तथा जालौर जिलों की पंजाब और गुजरात के प्रमुख औद्योगिक शहरों एवं बंदरगाह से सीधी कनेक्टिविटी स्थापित होगी। इससे औद्योगिक विकास के साथ पर्यटन एवं निर्यात को बढ़ावा मिलेगा तथा रोजगार के नए अवसर पैदा होगें।

### आदिगौड़ ब्राह्मण विवाह सम्मेलन 7 अप्रैल को

**जयपुर।** श्री श्याम सेवा पदयात्रा समिति व श्रीआदि गौड ब्राह्मण समाज की ओर से 17 अप्रैल को तृतीय अखिल भारत वर्षीय सामूहिक विवाह सम्मेलन को खाटूश्यामजी में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन के लिए जोड़ों का पंजीयन 1 अप्रैल तक किया जाएगा। सम्मेलन में बुकिंग के लिए 2622 दर्जियों का चौराहा, खजानों वालों का रास्ता कार्यालय पर संपर्क किया जा सकेगा।

**सीएए पर बोले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष**

# विस्थापितों के संरक्षण के लिए है नागरिकता संशोधन कानून: जोशी

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में पड़ोसी मुस्लिम देशों के विस्थापित एवं प्रताड़ित अल्पसंख्यक समुदाय के नागरिकों को सम्मान पूर्वक जीवन देने का वादा किया था।

देश का जनमानस पूरी तरह से नागरिकता संशोधन कानून के पक्ष में है। जनता ने विशाल जनादेश देकर इसका समर्थन किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून नागरिकता देने के लिए है। बाहर से आए हुए विस्थापित बंधुओं को सम्मान पूर्वक जीवन और संरक्षण देने के लिए है, किसी की नागरिकता छीनने के लिए नहीं।

नागरिकता संशोधन कानून 2019, तीन पड़ोसी देशों (पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश) के हिंदू, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध और पारसी अल्पसंख्यक शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता देने का रास्ता खोलता है, जिन्होंने लंबे समय से भारत में शरण ली हुई है।





### विभाजन के लिए कांग्रेस जिम्मेदार

इस कानून में किसी भी भारतीय, चाहे वह किसी मजहब का हो, उसकी नागरिकता छीनने का कोई प्रावधान नहीं है। अगर ये कानून 50 साल पहले ही बन गया होता तो आज ये इतनी बड़ी समस्या नहीं होती। 1947 में धर्म के आधार पर देश का विभाजन के लिए भी कांग्रेस जिम्मेदार है। कांग्रेस फिर से देश में विभाजन की राजनीति कर रही है। वह नागरिकता संशोधन कानून पर झूठ और भ्रम फैलाकर मुस्लिम समाज में भय का वातावरण बना रही है।

### प्रताड़ित अल्पसंख्यकों के लिए भारत ही शरण स्थली

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि पड़ोसी मुस्लिम देशों के प्रताड़ित अल्पसंख्यकों के लिए भारत ही एकमात्र शरण स्थली है। नागरिकता संशोधन कानून का उद्देश्य पड़ोसी देशों से आए अल्पसंख्यक बंधुओं को नागरिकता देने की प्रक्रिया को सरल बनाना है। पड़ोसी देशों में 1947 के समय हिंदुओं एवं अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की जनसंख्या की वर्तमान जनसंख्या से तुलना करें तो पूरी स्थिति स्पष्ट हो जाती है। 1947 में पाकिस्तान में 20 प्रतिशत से अधिक हिंदू एवं अन्य समुदाय के लोग थे। आज उनकी जनसंख्या दो प्रतिशत से भी कम हो गई है। पाकिस्तान में सैकड़ों मंदिरों को तोड़ दिया गया और हिंदुओं का हिंसा के बल पर धर्म परिवर्तन किया गया। हिन्दू महिलाओं का अपहरण किया गया।

### कांग्रेस की मानसिकता सबसे बड़ा खतरा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अपमान देश के 140 करोड़ नागरिकों का अपमान है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सार्वजनिक वक्तव्यों में अभद्रता की सारी सीमाओं को लांग रहे हैं। देश के लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा कांग्रेस की मानसिकता एवं चिंतन है। अब समय आ गया है टुकड़े. टुकड़े गैंग और तुष्टीकरण की कांग्रेसी विचारधारा को समूल नष्ट किया जाए। देश की एकता और अखंडता के लिए सबसे बड़ा खतरा यह विचारधारा है।

**जरूरी खबर**

### पूर्व ओएसडी और RAS विवाद में राजीनामा



**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत के ओएसडी रहे लोकेश शर्मा ने आरएएस अफसर से झगड़े के मामले में अपना रोल होने से इनकार किया है। दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से सोमवार को राजीनामा कर महेश नगर थाने में पेश कर दिया है। दोनों ही पक्षों ने आवेश में आकर एक-दूसरे के खिलाफ FIR दर्ज करवाई थी। गहलोत के पूर्व ओएसडी लोकेश शर्मा ने सोमवार शाम प्रेस कॉफ्रेंस कर अपना पक्ष रखा। लोकेश शर्मा ने कहा- झगड़ा जरूर मेरे घर के बाहर हुआ था, लेकिन RAS अफसर से झगड़े में मेरा कोई रोल नहीं था। घर के मेन गेट के बाहर पार्किंग की बात को लेकर भाई विकास शर्मा से कहासुनी हुई थी। लोकेश शर्मा ने बताया कि झगड़ा करने वाले दोनों पक्ष भाई विकास शर्मा और आरएएस भूराराम ने आवेश में आकर महेश नगर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई थी।

### 14 को खाटू के लिए रवाना होगी पदयात्रा



**जयपुर।** श्री श्याम सेवा पदयात्रा समिति की ओर से 14 से 19 मार्च से विशाल पदयात्रा जयपुर से खाटूश्यामजी जाएगी। पदयात्रा खजाने वालों का रास्ता स्थित बद्रीनाथ मंदिर से सुबह 10 बजे आरती भजन कार्यक्रम के बाद खाटूधाम के लिए रवाना होगी। पदयात्रा विभिन्न स्थानों से गुजरती हुई 18 मार्च को रींगस से खाटू श्याम जी पहुंचेगी। बाद में 19 मार्च को खाटूधाम में यात्रा का समापन होगा।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com पर E- Mail करें ।

**मौसम:** राजस्थान में बादल छाएंगे... होगी बारिश, आठ जिलों में बदलेगा मिजाज

# राजधानी में रात का पारा गरमाया तो सर्दी के तेवर पड़े नरम

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में रात का तापमान बढ़ने लगा है। इसके चलते सर्दी का असर कम हो गया है। यहां बीती रात तापमान 20.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। रविवार को यहां न्यूनतम तापमान 14.8 डिग्री सेल्सियस रहा। सोमवार सुबह से आसमान साफ रहा और धूप में भी तेजी देखी गई। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक जयपुर में सोमवार को दिन का तापमान 31 डिग्री सेल्सियस के आसपास तक पहुंच गया।

प्रदेश में भी सर्दी का असर घटने लगा है। जालोर, फलौदी, बाड़मेर, जोधपुर में दिन का तापमान बढ़कर 32 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया। रात का न्यूनतम तापमान में भी 1-2 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। अजमेर, कोटा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। राजधानी जयपुर में बीती रात तापमान 5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 20 पर आ गया। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि 13 मार्च को एक हल्के प्रभाव का पश्चिमी विक्षोभ प्रदेश में सक्रिय होगा, जिसके असर से राज्य में बादल छाएंगे। आठ जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है।




### सभी शहरों में डबल डिजिट में तापमान

राजस्थान में जयपुर के अलावा अन्य सभी शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। सबसे कम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस हनुमानगढ़ में दर्ज हुआ। चूरू, बीकानेर, फलौदी, जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर, डूंगरपुर, उदयपुर और कोटा में आज न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा।

### 13 मार्च से बदलेगा मौसम

मौसम केन्द्र जयपुर के मुताबिक, 13 मार्च से राज्य में मौसम बदलेगा। दिन में बादल छाएंगे। ये बदलाव जयपुर, बीकानेर और जोधपुर संभाग के बीकानेर, जैसलमेर, चूरू, गंगानगर, सीकर, झुंझुनूं, हनुमानगढ़ और फलौदी में देखने को मिलेगा। इस दौरान कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है। इससे दिन के तापमान में थोड़ी गिरावट होगी।

### 16 मार्च से बढ़ने लगेगी गर्मी

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर 14 मार्च को खत्म हो जाएगा। फिर से हवा बदल जाएगी। इस बार उत्तरी हवाओं की अपेक्षा पश्चिम से आने वाली हवा ज्यादा प्रभारी रहेगी। पश्चिम से गर्म हवाएं चलने से राजस्थान में 16-17 मार्च से गर्मी तेज होने लगेगी। अधिकांश शहरों में दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर जा सकता है।

**फ्रॉड अफसर बनकर भय दिखा ठग रहे बदमाश, PHQ की एडवाइजरी**

# फर्जी प्रकरण में धमकी से डरने की बजाय पुलिस को करें रिपोर्ट

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में साइबर ठगों ने साइबर धोखाधड़ी के नये-नये हथकंडें अपनाने शुरू कर दिए हैं। अब साइबर ठग आमजन को फर्जी डिजिटल नोटिस, फर्जी ई-मेल भेजकर और खुद को सरकारी विभागों या एजेंसियों का प्रतिनिधि बताकर पैसे जमा कराने की धमकी दे रहे हैं। यह खुलासा पुलिस की ओर से साइबर क्राइम के मामलों की जांच के दौरान आया है।

पुलिस ने ऐसे मामलों में आमजन को सतर्कता बरतने की सलाह दी है। पुलिस ने कहा है कि ऐसे फर्जी प्रकरणों में आमजन डरकर पैसा जमा करवाने के बजाय संबंधित पुलिस थाना/साइबर थाना, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल https://cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करवाएं। साइबर क्राइम महानिदेशक डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि प्रदेश में साइबर ठगी के प्रकरणों के बारे में नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता अभियान जिला पुलिस अधीक्षक, साइबर थानों, राजस्थान पुलिस के सोशल मीडिया हैंडिल के जरिये चलाये जा रहे हैं।



### मामला रफा-दफा करने का देते हैं प्रलोभन




राजस्थान पुलिस के साइबर क्राइम महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि साइबर ठगों द्वारा साइबर अपराध का नया तरीका खोज निकाला है। इसमें अपराधी आमजन को आईबी, सीबीआई, इंटरपोल और इंडियन साइबर क्राइम कॉर्डिनेशन सेंटर (I4C) का अधिकारी बनकर फोन कर कहते हैं 'आपके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है'। गिरफ्तारी का भय दिखाकर मामले को रफा-दफा करने का प्रलोभन देकर रुपए ऐंठने का प्रयास किया जाता है।

### सतर्कता बरतने की अपील

डॉ. मेहरड़ा ने लोगों से अपील की है कि साइबर ठगों द्वारा जारी फर्जी डिजिटल नोटिस के भय से पैसा जमा नहीं कराए। ऐसे बहुत से फर्जी ईमेल, नोटिस जिसमें आईबी, सीबीआई, इंटरपोल, इंडियन साइबर क्राइम कॉर्डिनेशन सेंटर (I4C) एवं साइबर अधिकारी होने का दावा किया जाकर पैसे जमा करवाने की धमकी दी जाती है, उनके बारे में सर्तकता बरतें।

### पोर्नोग्राफी व आईटी एक्ट में अपराध का दिखाया जाता है डर

डॉ मेहरड़ा ने बताया कि पीड़ितों द्वारा आनाकानी करने पर ये लोग जांच एवं सुरक्षा एजेंसियों के नाम से फर्जी डिजिटल दस्तावेज तैयार कर उनके नाम से नोटिस, गिरफ्तारी वारंट आदि भेजते हैं। इसमें 24 घंटे के अंदर जवाब देने की बात कही जाती है। 24 घंटे में जवाब न देने पर पीड़ितों के खिलाफ पुलिस थाने में कार्यवाही एवं नेशनल रजिस्टर ऑफ माइनर सेक्स ऑफेंडर व मीडिया के पास प्रकरण भेज दिए जाने की धमकी दी जाती है। साथ ही साइबर ठगों द्वारा डिजिटल जाली दस्तावेजों में जांच एजेंसियों के लोगो व जाली हस्ताक्षर कर पोक्सो एक्ट, चाइल्ड पोर्नोग्राफी एवं आईटी एक्ट से संबंधित अपराधों का भय दिखाकर आमजन को साथ साइबर धोखाधडी का प्रयास किया जाता है।

**हथियार लेकर घूम रहे थे... दबोचे**

# पुलिस को देखकर भागे बदमाश गिरकर हुए घायल



**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में हथियार लेकर घूम रहे तीन बदमाशों को पुलिस ने पकड़ लिया। इस दौरान दो बदमाशों ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की तो पत्थरों पर गिरने से पैरों में चोट लगने से घायल हो गए। दोनों घायल हत्या के मामले में आरोपी हैं। दोनों को कांवटिया अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां से एसएमएस अस्पताल रैफर कर दिया गया है। घटना हरमाड़ा थाना इलाके की है। दरअसल, डिस्ट्रिक्ट स्पेशल टीम (डीएसटी) वैस्ट को बदमाशों के बारे में सूचना मिली थी। इस पर सोमवार सुबह 8 बजे डीएसटी और हरमाड़ा थाना पुलिस ने बदमाशों को पड़कने के लिए रेड मारी। सीआई हरमाड़ा दिलीप ने बताया कि एक बदमाश पकड़ा गया। इस दौरान दो अन्य बदमाश मौके से भाग निकले। दोनों का पीछा किया। इस दौरान दोनों पत्थरों पर गिर गए, इससे दोनों के पैरों में चोट लगी। पुलिस ने करौली के झोटवाड़ा में रहने वाले ऊर्वेश मीणा (23) पुत्र हरसहाय, अलीगढ़ (यूपी) के हरदुआगंज इलाके के रहने वाले आकाश बंजारा (25) पुत्र वेद प्रकाश और करौली के महावीर जी के रहने वाले कुश अग्रवाल (22) पुत्र श्याम सुंदर को गिरफ्तार किया है। पुलिस को आरोपियों के पास से सर्च के दौरान एक पिस्टल, एक देसी कट्टा और 7 कारतूस जब्त किए हैं।

**महिला ने अश्लील क्लिप बनाकर किया ब्लैकमेल**

## हनीट्रैप में व्यापारी ने गंवाए 10 लाख

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर के एक बिजनेसमैन को हनीट्रैप में फांसकर उससे लाखों रुपए के गहने और कैश ऐंठने का मामला सामने आया है। स्पा सेंटर पर दोस्ती होने पर बिजनेसमैन के अश्लील वीडियो बनाए और बाद में बदनाम करने की धमकी देकर 10 लाख रुपए की डिमांड की।

शिप्रापथ थाने में पीड़ित बिजनेसमैन की पत्नी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि मानसरोवर निवासी 30 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मालवीय नगर स्थित स्पा सेंटर में डेढ़ साल पहले उनके पति की मुलाकात सुमन (बदला हुआ नाम) से हुई थी।

बातचीत के दौरान सुमन ने उसके पति से दोस्ती कर ली। नशीला पदार्थ पिलाकर ब्लैकमेलिंग के लिए अश्लील वीडियो बना लिए। अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रुपयों की डिमांड शुरू कर दी। आरोप है कि हनीट्रैप में फांसकर ब्लैकमेल कर फरवरी-2024 तक 10 लाख रुपए ऐंठ लिए। मोबाइल नहीं उठाने पर पति की शॉप पर पहुंचकर ब्लैकमेल कर सोने की चेन, अंगूठी और हीरे की रिंग भी ले ली।

आरोपी महिला पिछले 10 दिन से झूठे रेप केस में फंसाने की धमकी देकर रुपयों की डिमांड कर टॉर्चर कर रही है। 6 मार्च को उसने डरा-धमकाकर 10 लाख रुपए की डिमांड की। रुपए नहीं देने पर हनीट्रैप में फंसाने की धमकी दी। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर पीड़ित बिजनेसमैन की पत्नी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई।

**संयुक्त वाल्मीकि एवं सफाई श्रमिक संघ की बैठक में निर्णय**

## सफाईकर्मी हड़ताल पर, आज से नहीं उठेगा कचरा

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के नगरीय निकायों में सफाई कर्मचारी की भर्ती प्रक्रिया के विरोध में मंगलवार से सफाई कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। जयपुर नगर निगम हेरिटेज मुख्यालय पर सोमवार को बुलाई गई संयुक्त वाल्मीकि एवं सफाई श्रमिक संघ की बैठक में यह निर्णय लिया गया। संघ के अध्यक्ष नंदकिशोर डंडोरिया ने बताया कि राज्य सरकार 24,797 पदों पर सफाई कर्मचारियों की भर्ती लॉटरी से साल 2018 की तर्ज पर कर रही है। इसका हम विरोध करते हैं। बैठक में हमने आगामी आंदोलन की रूपरेखा पर चर्चा की। बैठक में सभी ने एकमत होकर सामूहिक अवकाश पर रहने का फैसला किया। हमारी प्रमुख मांगें हैं कि सफाई कर्मचारी भर्ती मस्टरोल से की जाए। जिन अभ्यर्थियों ने नगर निगम में काम किया है, उनको सफाई कर्मचारी भर्ती 2024 में प्राथमिकता दी जाए। इसके अलावा जिन अभ्यर्थियों के कोर्ट केस चल रहे हैं, उनको और वाल्मीकि समाज के लोगों को प्राथमिकता दी जाए। चुनाव आचार संहिता की आड़ में सफाई कर्मचारी भर्ती रोकी नहीं जाए। उन्होंने कहा कि जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होती है, तब तक जयपुर शहर समेत पूरे राजस्थान के सफाई कर्मचारी सामूहिक अवकाश लेकर सफाई कार्य का बहिष्कार करेंगे।



**चेतावनी: उपेक्षा की तो भुगतने पड़ेंगे परिणाम**

# गुर्जर समाज ने ठोकी ताल, लोकसभा चुनावों के लिए मांगे 5-5 टिकट

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य में लोकसभा चुनावों की आहट के साथ ही एक बार फिर गुर्जर समाज ने ताल ठोक दी है। विधानसभा चुनावों के दौरान सत्ता परिवर्तन में निर्णायक भूमिका निभाने वाले गुर्जर समाज ने सभी राजनीतिक दलों से गुर्जर समाज को ज्यादा सीटों पर टिकट की मांग की है। इसको लेकर राजस्थान पथिक सेना के प्रदेश अध्यक्ष शंकर सिंह गुर्जर ने प्रेसवार्ता कर बताया कि राज्य में गुर्जर समाज सवाई माधोपुर-टोंक, दौसा, धौलपुर करौली, भरतपुर, जयपुर ग्रामीण, अजमेर, भीलवाड़ा, कोटा-बूंदी, झुंझुनू , बांरा-झालावाड़, राजसमंद, चितौड़गढ़, अलवर सीटों पर निर्णायक भूमिका में हैं। इस मांग को गुर्जर समाज के सभी संगठनों ने समर्थन देने की घोषणा की है।




### राजस्थान में 72 लाख से अधिक

गुर्जर समाज के नेताओं ने आरोप लगाया कि राज्य में बड़ी आबादी होने के बाद भी राजनीतिक दलों द्वारा गुर्जर समाज को उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया जाता। कांग्रेस पार्टी दो लोकसभा सीटों पर गुर्जर समाज के व्यक्ति को उम्मीदवार बनाती है, जबकि भारतीय जनता पार्टी केवल मात्र एक लोकसभा सीट पर उम्मीदवार बनाती है। गुर्जर राजस्थान में कुल जनसंख्या का 9 प्रतिशत है, जो कि राजस्थान में 72 लाख से अधिक है। राजस्थान में कांग्रेस पार्टी द्वारा विधानसभा चुनाव में भाजपा से अधिक टिकट दिए गए। कांग्रेस 11 और भाजपा की ओर से 10 टिकट दिए गए।

### बड़ी आबादी फिर भी प्रतिनिधित्व कम

हाल में हुए राजस्थान विधानसभा 2023 के चुनाव में गुर्जर समाज ने भारतीय जनता पार्टी को अपना एक तरफा मत व समर्थन देकर बहुमत से विजयी बनाकर राज्य में सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव वर्ष 2023 में गुर्जर समाज को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिला और ना ही सरकार में। इस कारण गुर्जर समाज में भारतीय जनता पार्टी सरकार के खिलाफ भारी नाराजगी है। लोकसभा चुनावों में टिकट वितरण में समाज की उपेक्षा की गई तो पार्टियों को इसके परिणाम भुगतने पडेंगे।

## जरूरी खबर

### बाघिन से बचने के लिए नाले में कूदा ट्रैकर घायल



**अलवर।** सरिस्का टाइगर रिजर्व फॉरेस्ट के तालवृक्ष के देवरा में शिकार के पास बैठी बाघिन एसटी-12 ट्रैकर छीतर व फॉरेस्टर मनोज नागा के पीछे दौड़ पड़ी। बाघिन से बचने के लिए वनकर्मी ट्रैकर नाले में कूद गया। ट्रैकर के पैर में रॉड लगी थी जो कूदने पर मुड़ गई। उन्हें पहले अलवर के प्रगति हॉस्पिटल में भर्ती कराया। वहां से दोपहर में जयपुर रेफर कर दिया। डीएफओ महेंद्र शर्मा ने बताया कि बाघिन ने हमला नहीं किया है। बल्कि बाघिन का पीछा करने के चलते वनकर्मी गिर कर घायल हो गया।

### आयुक्त ने सफाई निरीक्षक को किया निलंबित

**माउंट आबू।** जिले के माउंट आबू नगरपालिका आयुक्त शिवपाल सिंह ने कार्यालय में पदस्थ सफाई निरीक्षक श्याम जणवा को तत्काल प्रभाव से पद से निलंबित कर दिया है। वहीं व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए प्रवीण राजपुरोहित को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। आयुक्त द्वारा जारी किए गए आदेश में बताया गया है कि सफाई निरीक्षक-प्रथम श्याम जणवा के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत ये निलंबन किया गया है। निलंबन काल में इनका मुख्यालय नगरपालिका मंडल, माउंट आबू रहेगा। नपा आयुक्त ने सफाई निरीक्षक द्वितीय प्रवीण कुमार राजपुरोहित को शहर में संपूर्ण सफाई एवं अतिक्रमण, अवैध निर्माण आदि कार्यों को करने के आदेश दिए हैं।

### नहर में डूबने से युवक की मौत, दूसरा गंभीर



**कोटा।** जिले के इटावा थाना इलाके में नहर में नहाने गए युवकों में से एक युवक की डूबने से मौत हो गई, जबकि दूसरे युवक की हालत गंभीर है। पुलिस के अनुसार घटना इटावा के ब्रांच केनाल पर गणेशगंज गांव के पास हुई। सोमवार सुबह गांव के युवकों के साथ कुछ युवक नहाने के लिए नहर में गए। नहर में पानी का बहाव तेज था। ऐसे में दो युवक इसमें बह गए। साथ नहा रहे युवकों ने दोनों को बचाने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हुए। हालांकि राहगीरों की मदद से जैसे तैसे एक युवक को बाहर निकाल लिया गया, लेकिन दूसरा युवक पानी में बह गया।

**सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने किया लोकार्पण, 8 करोड़ का सिंथेटिक ट्रैक भी बनेगा**

# चार करोड़ से बना इंडोर स्टेडियम, निखर सकेगी खेल प्रतिभा

**बेधड़क** | सीकर

सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने जिला स्टेडियम में 4 करोड़ की लागत से बने इंडोर स्टेडियम हॉल का लोकार्पण किया। इसके साथ सांसद ने 8 करोड़ से बनने वाले सिंथेटिक ट्रैक का उद्घाटन भी किया। हालांकि, इंडोर स्टेडियम हॉल का वर्चुअल लोकार्पण खेल एवं सूचना प्रसारण, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर करने वाले थे। लेकिन, टेक्निकल प्रॉब्लम के कारण ठाकुर कार्यक्रम से जुड़ नहीं पाए। इस मौके पर सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि सीकर के खिलाड़ी काफी लंबे समय से जिला स्टेडियम में इंडोर



स्टेडियम हॉल बनाने की मांग कर रहे थे। इसके बाद खेल मंत्रालय भारत सरकार से इंडोर स्टेडियम के लिए मांग की गई। खेल मंत्रालय ने इंडोर स्टेडियम हॉल बनाने के लिए 4 करोड रुपए का बजट जारी किया। इंडोर खेल हॉल बनने से अब सीकर के खिलाड़ियों को काफी फायदा होगा। इसके निर्माण से अब खिलाड़ी पूरे साल अभ्यास कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देश में सभी खेलों को बढ़ाने के लिए प्रयास कर रही है। इसके तहत खिलाड़ियों को समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। राजस्थान में भी खेल सुविधाओं के विस्तार का क्रम जारी है। इससे प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों और कार्यों से भारत की विदेशों में धाक कायम हो रही है।

### स्टेडियम में ये हैं सुविधाएं

इंडोर स्टेडियम हॉल में बास्केटबॉल कबड्डी, कुश्ती, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, जूडो, जिमनास्टिक सहित सभी मैच खेले जा सकते हैं। सांसद ने कहा कि अब सीकर के खिलाड़ियों को खेलों में और भी अच्छा दम-खम दिखाने का मौका मिलेगा और वे अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। इंडोर हॉल बनने से अब 12 महीने 30 दिन खिलाड़ी अपना गेम जारी रख सकेंगे। इंडोर स्टेडियम बनने से खिलाड़ियों के साथ-साथ लोगों में भी काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

### खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा

महिला खिलाड़ी दीपू यादव ने कहा कि जिला स्टेडियम में इंडोर हॉल बनने से खिलाड़ियों को बहुत फायदा होगा। क्योंकि इससे पहले ज्यादा सर्दी-गर्मी के कारण मैच रद्द कर दिए जाते थे या फिर बारिश के मौसम में खिलाड़ी मैच बीच में छोड़ कर चले जाते थे। अब खिलाड़ी निश्चित होकर अपने खेल पर फोकस कर सकते हैं और आगे बढ़ सकते हैं। इंडोर हॉल के उद्घाटन के बाद महिला वर्ग कबड्डी मैच का आयोजन भी किया गया। सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने टॉस कर मैच का उद्घाटन किया। महिला खिलाड़ियों ने पहली बार इंडोर स्टेडियम हॉल में मैच खेले और अपने एक्सपीरियंस शेयर किए।

**फाल्गुन का लक्खी मेला शुरू: पैदल यात्राओं में पहुंचने लगे श्रद्धालु**

# बाबा श्याम के दरबार... भक्तों की उमड़ने लगी 'आस्था' अपार

**बेधड़क** | सीकर

रींगस कस्बे के खाटूश्यामजी मंदिर में सोमवार से फाल्गुन का लक्खी मेला शुरू हो गया है। मेले के लिए देशभर से श्रद्धालुओं के जत्थे खाटू नगरी पहुंच रहे हैं। सुबह 5.45 बजे मंगला आरती के साथ ही श्याम बाबा के दर्शन शुरू हुए। इससे पहले शनिवार रात से ही भक्तों की कतारें लगना शुरू हो गई थीं।

खाटूश्यामजी मंदिर में मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद है। मेले के दौरान 5 हजार पुलिसकर्मी 8-8 घंटे की शिफ्ट में ड्यूटी संभाल रहे हैं। पूरे मेला एरिया को 350 हाई क्वालिटी सीसीटीवी कैमरों से कवर किया गया है। इसके साथ ही 16 ड्रोन से चप्पे-चप्पे की निगरानी की जा रही है। मोबाइल टावर नेटवर्क के लिए दो अस्थायी टावर भी लगाए गए हैं। मंदिर तक पहुंचने के लिए रींगस से वाहनों को डायवर्ट किया जा रहा है। रींगस से खाटू जाने वाले रास्ते पर सिर्फ पैदल जत्थे चल रहे हैं। लोग श्याम बाबा का जयकारा लगाते, भजन गाते, नाचते हुए बाबा श्याम के दरबार की ओर बढ़ रहे हैं। मेले में पहले दिन ही कई जगहों से पद यात्राएं पहुंची। इसमें बड़ी तादाद में श्याम भक्त शामिल रहे। श्रद्धालु हाथों में ध्वज निशान लेकर पदयात्राओं में शामिल हुए।

ध्वज पताकाओं पर श्याम बाबा की छवि अंकित है। रींगस से खाटू तक का माहौल भक्ति से सराबोर नजर आया। फाल्गुन मेले में खाटू श्याम मंदिर को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया है। ये फूल दिल्ली से मंगवाए गए हैं। मंदिर के मुख्य द्वार पर 150 कलाकारों ने फूलों से तोरण द्वार बनाया है। मंदिर में दर्शन सोमवार को रात 10 बजे तक बाबा के दर्शन हुए। इसके बाद पट बंद हो गए जो अब मंगलवार को शाम 6 बजे खुलेंगे। इस दौरान श्याम बाबा का विशेष श्रृंगार सजाया जाएगा।



### श्याम भजनों से माहौल बना उत्सवी

फाल्गुन मेले में राजस्थान सहित कई राज्यों से श्याम बाबा की पैदल पदयात्राओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो चुका है। दूर-दूराज की पदयात्राएं कई महिने पहले ही रवाना हो गई थी, जो अब खाटू पहुंचने लगी है। पदयात्राएं जहां-जहां से गुजर रही है वहां का माहौल श्याममय नजर आ रहा है। पदयात्रियों के लिए भामाशाहों व सेवादारों ने जगह-जगह शिविर भी लगाएं हैं, जिनमें जल-पान, विश्राम, स्नान, चिकित्सा आदि सेवाएं उपलब्ध है। शिविरों में और पदयात्राओं के साथ चल रहे डीजे पर श्याम बाबा के भजनों से माहौल उत्सवी दिखाई दे रहा है।



### मॉक ड्रिल: भीड़ में फंसे श्रद्धालु को किया रेस्क्यू

जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी और सीएमएचओ डॉ. निर्मल सिंह के निर्देशन में खाटू मेले में भीड़ से घायल श्रद्धालु की जान बचाई गई। 108 एम्बुलेंस से अस्पताल तक पहुंचाने की मॉक ड्रिल की गई। सेक्टर एक के प्रभारी कुणाल रॉड ने चिकित्सा विभाग के बीसीएमओ डॉ. नीतेश शर्मा एवं उप जिला अस्पताल खाटूश्यामजी पीएमओ डॉ. गोगराज सिंह निठारवाल और एसडीआरएफ टीम प्रभारी सुभाष चंद्र के साथ 75 फीट जिगजग की भीड़ में फंसे श्रद्धालु को रेस्क्यू कर मेडिकल बूथ संख्या एक पर पहुंचाया गया। वहां पर तैनात मेडिकल टीम में डॉ. विजेंद्र वर्मा, सुनील और महेश फलडोलिया ने प्राथमिक उपचार कर मरीज को 108 एम्बुलेंस से उप जिला अस्पताल तक पहुंचाया गया, जिसमे 4 मिनट का समय लगा।

### व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखने के निर्देश

फाल्गुन मेले को लेकर प्रशासन ने भी चाक-चौबंद व्यवस्थाएं की है। वाहनों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग, शौचालय, सुरक्षा सहित कई व्यवस्थाएं की है। वहीं खाटू से रींगस तक के रास्ते में वाहनों का प्रवेश बंद किया गया। सोमवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. निर्मल सिंह ने सह मेला प्रभारी व उप जिला अस्पताल खाटूश्यामजी के पीएमओ की बैठक खाटूश्यामजी में ली। उन्होंने मेले के दौरान चिकित्सा व्यवस्था को चाक चौबंद रखने के निर्देश देते हुए मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को चिकित्सा सेवा व सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। सीएमएचओ ने बताया कि मेले के दौरान विभाग की ओर से विभिन्न स्थानों पर लगाए गए मेडिकल कैंप का समय-समय पर निरीक्षण करने, स्टॉफ की उपस्थिति, दवाइयां की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**दो युवकों की मौके पर मौत**

# बेकाबू बस ने बाइक सवारों को कुचला



**बेधड़क** | सीकर

जिले के फतेहपुर में सोमवार को लोक परिवहन बस ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बस बाइक सवार दो युवकों को करीब 50 फीट तक घसीटते हुए ले गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए धानुका जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। यह हादसा सीकर के फतेहपुर में जयपुर-चूरू हाईवे पर नीमावत स्कूल के सामने दोपहर करीब डेढ बजे हुआ। फतेहपुर कोतवाली थानाधिकारी सुभाष बिजारणिया ने बताया-लोक परिवहन की बस चूरू से सीकर की ओर जा रही थी। वहीं फतेहपुर के वार्ड-3 निवासी समीर (18) पुत्र राशिद और कयूम (18) पुत्र अयूब बाइक से पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने जा रहे थे। दोनों युवक अपने घर से एक किलोमीटर दूर ही पहुंचेंगे होंगे, तभी नीमावत स्कूल के सामने लोक परिवहन बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक सवार दोनों युवक बस के टायर के नीचे आ गए।

हादसे के बाद चालक बस को वहीं छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे के समय बस में करीब 30 सवारियां बैठी थी।

### नहीं पहुंची एंबुलेंस

घटनास्थल पर खड़े सोहेल खान और आमिर ने हादसे की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी। करीब 20 मिनट में पुलिस मौके पर पहुंच गई, लेकिन एंबुलेंस नहीं पहुंची। इसके बाद सोहेल खान पास ही स्थित अपने घर गया और अपनी पिकअप लेकर आया। पिकअप से दोनों को राजकीय धानुका अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि कयूम औ समीर दोनों 12वीं कक्षा में एक साथ पढ़ते थे।

**लोस अध्यक्ष के निर्देश पर लगा शिविर**

# सहायक उपकरण पाकर खिले दिव्यांगों के चेहरे

**बेधड़क** | बूंदी

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के निर्देश पर दिव्यांगजनों व वरिष्ठजनों के लिए सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए सोमवार को बूंदी की पुरानी कृषि उपज मंडी में शिविर का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व विधायक अशोक डोगरा ने वरिष्ठजनों व दिव्यांगजनों को अंग उपकरण वितरित किए।

केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ओर से शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक अशोक डोगरा ने कहा कि शिविर में पंजीकृत दिव्यांगजनों को अंग उपकरण वितरित किए जा रहे हैं। अंग उपकरणों से दिव्यांगजनों और वरिष्ठजनों को काफी सुविधा मिलेगी। वह इसकी मदद से अपने दैनिक कार्यों को सुगमता से कर पाएंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक श्वेता शर्मा ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की ओर से संचालित एडिप स्कीम के तहत सोमवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित शिविरों में वरिष्ठजनों व दिव्यांगजनों को अंग उपकरण वितरित किए गए। वहीं, जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष की पहल पर दिव्यांगजनों के लिए आयोजित शिविर सराहनीय पहल है।

**नकाबपोश बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद**

# ATM मशीन को काटकर 14 लाख रुपए किए पार

**बेधड़क** | उदयपुर

जिले की अंबामाता थाना इलाके के साइफन चौराहे के समीप नकाब पोश चोरों ने बैंक की एटीएम मशीन काटकर, उसमें रखे करीब 14 लाख पार कर दिए। घटना रविवार की है। चोर ने वारदात को अंजाम देने से पहले एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरे पर ब्लैक स्प्रे कर दिया।

घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसके आधार पर पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है। अंबामाता थानाधिकारी डॉ. हनवंत सिंह राजपुरोहित ने बताया कि साइफन चौराहे के नजदीक आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम को गैस कटर से काटकर बदमाश उसमें रखे करीब 14 लाख रुपए उड़ा ले गए। नाकाबंदी प्वाइंट पर राह चलते व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि एटीएम के बाहर भीड़ लगी है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो एटीएम लूट का पता चला। पुलिस के अधिकारी एटीएम के आस-पास लगी सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रहे हैं।

वहीं, एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड फुटेज के आधार पर पुलिस बदमाशों की पहचान करने में जुटी है। एटीएम में लगे सीसीटीवी फुटेज में एक नकाबपोश बदमाश अंदर घुसता है। बदमाश ने अंदर आते ही कैमरे पर ब्लैक स्प्रे किया ताकि घटना रिकॉर्ड नहीं हो सके।

**पुलिस ने किया बड़ी गैंग का खुलासा**

# तीन गांवों में छापेमारी कर 18 साइबर ठगों को दबोचा

**बेधड़क** | भरतपुर

प्रदेश में बीते कुछ सालों में साइबर क्राइम पुलिस के लिए चिंता का विषय बन गया है। शामिर ठग नए-नए पैंतरे अपनाकर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। ऐसे में बढ़ते साइबर क्राइम को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार सख्त है। इसके तहत भरतपुर में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर ठग गिरोह का खुलासा किया है।

भरतपुर आईजी राहुल प्रकाश द्वारा क्षेत्र में साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन एंटी वायरस के तहत शनिवार देर रात से रविवार सुबह तक गोपालगढ़ क्षेत्र के 3 गांवों में कार्रवाई की गई। भरतपुर पुलिस ने तीन बाल अपचारियों सहित सेक्सटॉर्शन गैंग



के 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके पास से 58 एटीएम कार्ड, 6 मिनी एटीएम मशीनें, 3 स्वैप मशीनें, 7 बैंक पासबुक, 20 चेकबुक, 6.62 लाख रुपए, 7 क्यूआर प्लेटें, 2 लैपटॉप, 3 फिंगर प्रिंट डिवाइस, 1 सीपीयू, 4 मॉनिटर, 20 फोन, 1 बाइक व 4 कारें जब्त की हैं। आईजी राहुल प्रकाश ने बताया कि आरोपी ई-मित्र की आड़ में साइबर ठगी कर रहे थे। इसके लिए आरोपी ई-मित्र संचालक को 20 फीसदी कमीशन देते थे। साइबर ठग पहले लोगों का वॉट्सअप नंबर लेते और इसके बाद उनकी प्रोफाइल जांचते थे। हर व्यक्ति से क्षमता के अनुसार ठगी की योजना बनाते थे। फोन कर लोगों को झांसे में लेते, चैट के बहाने अश्लील वीडियो दिखाते। इस दौरान फोटो-वीडियो बना लेते थे। इसके बाद वीडियों व्यक्ति को भेजकर सोशल मीडिया पर वाइरल करने की धमकी देते थे।

### कार्रवाई में इन अरोपियों को दबोचा

आईजी राहुल प्रकाश ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में पथराली गोपालगढ़-डीग से साहिल, अमजद, आजबदीन, आलमदीन, साहिल, रज्जाक, मोइन, अशफाक, हैबतका गोपालगढ़-डीग निवासी शब्बीर, सौबिन, आशिक, अकरम, जाकर और रायबका थाना गोपालगढ़-डीग से जुरसेद व लाल मोहम्मद शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए 2 डिप्टी एसपी, 3 इंस्पेक्टर ओर 50 पुलिसकर्मियों की टीम बनाई गई थी।

### ई-मित्र की आड़ में हो रही थी ठगी...

पथराली में ई-मित्र की आड़ में ठगी हो रही थी। आरोपी ई-मित्र संचालक साहिल को 20 फीसदी कमीशन देते थे। उससे 8 आरोपी जुड़े थे। पुलिस को इनके पास से 50 एटीएम कार्ड, 6 एमएटीएम मशीन, 3 स्वैप मशीनें, 7 बैंक पासबुक, 20 चेकबुक, 4.87 लाख रुपए मिले हैं। वहीं रायंबका में 3 ठगों से 7 फोन, 8 एटीएम कार्ड, 2 कारें मिलीं। वहीं हैवतका में 7 ठगों से 12 फोन, 1.77 लाख रुपए मिले।

## केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के प्राध्यापक विकास केंद्र में अभिमुखीकरण कार्यक्रम की शुरुआत

# प्राध्यापकों को मिलेगा संस्कृत शिक्षा में नवाचारों का प्रशिक्षण

बेधड़क | जयपुर

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर परिसर में सोमवार को अभिमुखीकरण कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। प्राध्यापक विकास केंद्र के सभागार में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. के भरत भूषण थे। अध्यक्षता जयपुर परिसर निदेशक प्रो. सुदेश कुमार शर्मा ने की।

विशिष्ट अतिथि प्रो. सोहन लाल पाण्डेय थे। प्राध्यापक विकास केंद्र के निदेशक प्रो. वाई एस रमेश ने बताया कि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के उत्तर और मध्य भारत के परिसरों में नवनियुक्त प्राध्यापकों का अभिमुखीकरण कार्यक्रम के माध्यम से इन्हे प्रशिक्षण दिया जाएगा, एनईपी 2020 के आधार पर आइकेस (IKS ) आइटेप (ITEP) सरल माध्यम से संस्कृत में प्रशिक्षण दिया जाएगा। एसटीएस शास्त्र शिक्षण में नवाचार में तकनीकी के प्रयोग पर विचार तथा मूल्यांकन आदि विषयों में नव नियुक्त अध्यापकों का अभिमुखीकरण किया जायेगा।

देश के प्रतिष्ठित संस्थानों जिसमे नीपा नई दिल्ली, एलबीएस नई दिल्ली, संस्कृत संवर्धन प्रतिष्ठान जामिया मुस्लिम यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर इन्हे प्रशिक्षण देंगे। विशिष्ट अतिथि सोहनलाल पाण्डेय ने अध्ययन का महत्व बताते हुए कहा कि प्रत्येक अध्यापक को छात्र की प्रतिभा का पता लगाकर उसे उसकी योग्यतानुसार शिक्षण देना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक प्रो. कुलदीप शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में उत्तर भारत और मध्य भारत से 40 प्राध्यापक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इन्हें अलग अलग विधाओं में प्रशिक्षण दिया जाएगा।





### देश में खुले तीन प्राध्यापक विकास केंद्र

मीडिया प्रभारी डॉ. रानी दाधीच ने बताया कि केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली द्वारा संपूर्ण भारत में तीन स्थलों पर प्राध्यापक विकास केंद्र को खोला गया है। इनमें से जयपुर परिसर में इस वर्ष बसंत पंचमी के अवसर पर कुलपति द्वारा विकास केंद्र का शुभारंभ किया गया। राजस्थान सरकार के संस्कृत शिक्षा के महाविद्यालय के आचार्यों को प्रशिक्षण दिया गया। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के भोपाल परिसर, वेदव्यास परिसर बलाहर, लखनऊ परिसर, नव दिल्ली परिसर, प्रयागराज आदि से विविध विषयों के आचार्य प्रशिक्षण के लिए जयपुर आए हैं।

## Yuva स्टोरीज



### राष्ट्र निर्माण में सहयोगी प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

**जयपुर।** अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद एवं अखिल भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ, इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस्ड एग्रीकल्चर स्किल डेवलपमेंट की ओर से पिंजरापोल गौशाला में राष्ट्र निर्माण में सहयोगी प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संगठन सचिव विज्ञान भारती राजस्थान डॉ. मघेन्द्र शर्मा, शासन सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग राजस्थान सरकार डॉ. मोहनलाल यादव, पुलिस कमिश्नर जयपुर पुलिस बीजू जार्ज जोसफ , आरसी ऑर्गेनिक फार्मर प्रोड्यूसर एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. अतुल गुप्ता एवं हैनीमैन चैरिटेबल मिशन सोसाइटी की सचिव मोनिका गुप्ता ने सभी अतिथियों को स्टीविया का पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर तीन दिवसीय भारतीय गौ आधारित कृषि एवं औषधीय पादपों की व्यावसायिक खेती से ग्रामीण किसानों को लाभ के विषय में राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने गौ आधारित खेती करने पर ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में देश के अलग-अलग राज्यों से किसान, डॉक्टर, इंजीनियर व उद्योगपतियों ने भाग लिया। इस दौरान जयपुर कमिश्नर बीजू जार्ज जोसफ ने कहा कि जयपुर के सभी थानों में जैविक कृषि तथा औषधीय जड़ी बूटी लगाकर थाने के माध्यम से जैविक खेती को आगे बढ़ावा दिया जाएगा। डॉ. मोहनलाल यादव ने कहा कि जैविक खेती को प्राथमिकता देते स्वयं सहायता समूह के माध्यम से संपूर्ण राजस्थान में क्लस्टर बेस कार्यक्रम चला कर जैविक कृषि औषधि पादपों की कृषि का बड़ा कार्यक्रम तैयार किया जाएगा।




### स्टूडेंट्स ने स्पोर्ट्स फेस्ट में दिखाया टैलेंट

**जयपुर।** स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में सोमवार से तीन दिवसीय स्पोर्ट्स महाकुंभ 'आवेग-2024' की शुरुआत हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्पोर्ट्स ऑथॉरिटी ऑफ इंडिया के मुख्य बैडमिंटन कोच सुधीर शर्मा और डॉ. प्रमोद शर्मा रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों में प्रतिभा दिखने के लिए प्रोत्साहित किया और जीवन में हार को ही अगली जीत का अवसर बनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर कॉलेज की ओर से चेयरमेन सुरजाराम मील, निदेशक जयपाल मील, डायरेक्टर एकेडमिक्स प्रो. एसएल सुराना, रजिस्ट्रार रचना मील, डीन प्रो. आरके जैन ने अतिथियों का स्वागत किया। स्पोर्ट्स फेस्ट कन्वीनर अजीत सिहाग एवं महेंद्र कुमार बेनीवाल ने बताया कि स्पोर्ट्स मीट में प्रदेशभर से चालीस से अधिक कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों में भाग लिया। पहले दिन के खेलों में कबड्डी, वालीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन, लॉन टेनिस, टेबिल टेनिस एवं अन्य विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया।




### कॉन्फ्रेंस में गरीबी और क्लाइमेट चेंज पर चर्चा

**जयपुर।** इन्टरनेशनल स्कूल ऑफ इन्फोर्मेटिक्स एण्ड मैनेजमेंट टेक्निकल कैम्पस (आईआईआईएम) जयपुर व इंडिया डेवलपमेंट कोएलिशन ऑफ अमेरिका (आईडीसीए) की ओर से 'इनोवेटिव प्रैक्टिसेस टु मिटिगेट पॉवर्टी एंड क्लाइमेट चेंज इन इंडिया' विषयक दो दिवसीय 13वीं नॉर्थ इंडिया इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आईआईआईएम कैंपस में आयोजित की गई। संस्था निदेशक डॉ. अशोक गुप्ता ने वक्ताओं का स्वागत किया। आईडीसीए के प्रेसिडेंट व ट्रस्टी एवं फाउंडर डॉ. मोहन जैन ने प्रतिभागियों को गरीबी उन्मूलन के क्षेत्र में सोश्यल एंटरप्रेन्योरशिप के माध्यम से की गई गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि डिग्निटी ऑफ गर्ल चाइल्ड फाउंडेशन की चेयरपर्सन डॉ. मीता सिंह ने कहा कि नारी को शिक्षित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने होंगे। विशिष्ट अतिथि एवीपी जयपुर रग्स के हनुमान प्रसाद गर्ग ने महिलाओं के जीवनयापन, आर्थिक सशक्तीकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों को साझा किया। सम्मेलन के दूसरे दिन का पहला सत्र हाइब्रिड मोड में संचालित किया गया। दूसरे सत्र में इनोवेटिव प्रेक्टिसेस इन हेल्थ विषय पर प्रतिभागियों ने विचार साझा किए। समापन सत्र में आईएसआईएम के विद्यार्थियों के लिए सिटीजनशिप एवं सोशल एंटरप्रेन्योरशिप विषय पर प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रथम तीन विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। संस्था प्राचार्या प्रो. मंजू नायर ने प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## जेईसीआरसी में महिलाओं को मिले पुरस्कार

# अवॉड्र्स के जरिए 'शक्ति' की उपलब्धियों को सलाम

बेधड़क | जयपुर

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जेईसीआरसी विश्वविद्यालय की 'शक्ति और ऊर्जा' का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर 'जेईसीआरसी महिला अचीवर्स अवाड्र्स-2024' का आयोजन किया गया। ये प्रतिष्ठित पुरस्कार जेईसीआरसी परिवार की महिलाओं को उनकी उपलब्धियों के लिए दिए गए। इस अवसर पर जेईसीआरसी विश्वविद्यालय के वाइस चेयरपर्सन अर्पित अग्रवाल ने कहा कि समाज को महिलाओं के बिना सोचना असंभव है।

समाज के दो स्तंभ हैं- महिलाएं और पुरुष, और उनके साथ विकास करके ही हम प्रगति कर सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर, जेईसीआरसी परिवार महिलाओं को उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित कर रहा है। वाइस चेयरपर्सन अमित अग्रवाल ने सभी महिलाओं के प्रति कृतज्ञता जाहिर करते हुए कहा कि यह क्षण महिलाओं का योगदान समाज के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण है और उन्हें सम्मान और उत्कृष्टता के साथ सही मायनो में पहचाना जाना चाहिए। जीवन में समानता और सम्मान की भावना से ही हम समृद्धि और समाजिक समानता की दिशा में अग्रसर हो सकते हैं। प्रिंसिपल, जेईसीआरसी फाउंडेशन विनय कुमार चांदना ने एजुकेशन क्षेत्र में महिलाओं की महत्वपूर्णता पर प्रकाश डाला।






# एक्सचेंस प्रोग्राम में समझा एक-दूसरे का वर्क कल्चर



बेधड़क | जयपुर

तक्षशिला बिजनेस स्कूल में सोमवार को स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम का आयोजन किया गया। प्रोग्राम के तहत कोयंबटूर के धन लक्ष्मी श्रीनिवासन इंजीनियरिंग कॉलेज के 72 एमबीए स्टूडेंट्स तक्षशिला बिजनेस स्कूल में पहुंचे और कार्यक्रम का हिस्सा बने।

कार्यक्रम का उद्देश्य स्टूडेंट्स को विभिन्न संस्कृति और व्यवसायिक प्रथाओं के बारे में जानने का अवसर प्रदान करना है। स्टूडेंट्स ने तक्षशिला बिजनेस स्कूल के संकाय सदस्यों के साथ विभिन्न विषयों पर बातचीत की, जिसमें भारत में व्यवसाय, उद्यमिता और नेतृत्व शामिल हैं। उन्होंने पेशेवर स्केच नोट्स बनाने पर एक वर्कशॉप में भी भाग लिया, जो डॉ. रिधि टांबी और डॉ. संजोली जैन द्वारा आयोजित की गई थी। वर्कशॉप में, स्टूडेंट्स ने स्केच नोट्स बनाने की मूल बातें सीखीं, जो जटिल अवधारणाओं को सरल और आकर्षक तरीके से समझने का एक प्रभावी तरीका है। उन्होंने विभिन्न प्रकार के स्केच नोट्स बनाने का अभ्यास किया, जिसमें माइंड मैप्स, चार्ट, और चित्र शामिल हैं।

इस दौरान स्टूडेंट्स को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए। स्टूडेंट्स ने भी कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम में प्रतिभागी स्टूडेंट्स ने कहा कि उनके लिए यह एक अद्भुत अनुभव था। एक्सचेंज प्रोगाम से हमने बहुत कुछ सीखा।

# टिप्स: बायोलॉजी में सक्सेस की सही रणनीति जरूरी

बेधड़क | जयपुर



सीबीएसई 12वीं परीक्षाओं के तहत बायोलॉजी की परीक्षा 12 मार्च को होगी। बायोलॉजी को आमतौर पर कठिन विषय माना जाता है लेकिन अगर सटीक रणनीति के साथ तैयारी करें तो स्टूडेंट्स बायोलॉजी में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। अच्छी तैयारी के साथ परीक्षा देने का तरीका भी मैटर करता है। सीनियर बायोलॉजी मेंटॉर डॉ. अंकित शर्मा के मुताबिक बायोलॉजी की तैयारी करते समय स्टूडेंट्स इन बातों का ध्यान रखें तो परीक्षा में अच्छी सफलता मिल सकती है-

- स्टूडेंट्स को ज्यादा वेटेज वाले चैप्टर्स को पहले तैयार करना चाहिए। सबसे पहले मार्किंग वेटेज का आइडिया होना जरूरी है। उसके अनुसार जो चैप्टर्स ज्यादा मार्क्स के आएंगे उनको अच्छे से तैयार करना आवश्यक है।
- कई बार एनसीईआरटी के डायग्राम्स की लेबलिंग से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। इसलिए स्टूडेंट्स को चाहिए कि वो महत्वपूर्ण डायग्राम्स को अच्छे से समझें और उनका अभ्यास करें।
- आजकल सीबीएसई पेपर में केस स्टडी से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। इसलिए स्टूडेंट्स को परीक्षा में जाने से पहले इनका अभ्यास करना जरूरी है। आपको सीबीएसई के सैंपल पेपर्स में केस स्टडी संबंधित प्रश्नों का अभ्यास अधिक से अधिक करना चाहिए ।
- बच्चों को लिखित परिक्षा में आंसर शीट में उत्तर लिखते समय ये ध्यान रखना जरूरी है कि वो साफ-सफाई से, बगैर किसी काट छांट के प्रश्नों का उत्तर लिखें। इससे एग्जामिनर पर आपका अच्छा प्रभाव पड़ेगा।
- स्टूडेंट्स को जब आवश्यक हो, उस उत्तर में फ्लोचार्ट का उपयोग करना आना चाहिए इससे वे अपनी बात को अच्छे से एग्जामिनर को समझा सकेंगे। इसके अलावा अभ्यास के लिए स्टूडेंट्स उपलब्ध सैंपल पेपर्स को सॉल्व कर सकते हैं। यह उनको सेल्फ इवेल्यूएशन में काफी मदद करेगी।

# साइकिल मिली तो खिले छात्राओं के चेहरे

बेधड़क | जयपुर

राजकीय महाराजा बालिका उच्च माध्यमिक स्कूल छोटी चौपड़ में सोमवार को राज्य सरकार की ओर से बालिकाओं को निशुल्क साइकिल वितरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ। स्कूल प्राचार्य पुखराज आर्य ने बताया कि कक्षा 9 में पढ़ने वाली छात्राओं को 376 साइकिलों का निशुल्क वितरण कार्यक्रम आरम्भ किया गया। स्कूल विकास प्रबंधन समिति के गोविंद नाटाणी ने बताया कि निशुल्क साइकिल प्राप्त होने पर बालिकाओं और अभिभावकों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में व्यापार महासंघ अध्यक्ष सुभाष गोयल, दीनदयाल नाटाणी, अचल जैन, छात्राओं व उनके अभिभावकों ने भाग लिया।

**लॉन्चिंग** | **जीसीईसी ग्लोबल फाउंडेशन ने लॉन्च किए तीन नए कोर्स**

# म्यूजिकल इवनिंग में फनकारों ने गीतों से बांधा समां

बेधड़क | जयपुर

जीसीईसी ग्लोबल फाउंडेशन की ओर से म्यूजिकल इवनिंग में कलाकारों ने जबरदस्त परफॉर्मेंस के जरिए पूरे माहौल को संगीत के रंग मे सराबोर कर दिया। एंजेल्स म्यूजिक अकादमी की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में देश के नामचीन कलाकारों ने हिस्सा लिया। ओपेरा ओलंपिक्स में इंडिया की ओर से चयनित कलाकार राधिका समेत हिना, ईशान, तन्मय समेत अन्य कलाकारों ने अपनी जबरदस्त परफॉर्मेंस से ऑडियंस की जमकर तालियां बटोरी।

कार्यक्रम संयोजक दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित शेफाली सक्सेना ने किया। कार्यक्रम के दौरान सारेगामापा जैसे मंचों पर परफॉर्म कर चुके कलाकारों ने परफॉर्म किया।फाउंडेशन के फाउंडर परेश गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन के साथ ही फाउंडेशन की ओर से परफॉर्मिंग आर्ट्स, अकाउंटिंग एवं मैनेजमेंट के क्षेत्र मे नए कोर्स लॉन्च किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि इनमे ग्रेजुएशन के साथ सीए इंटीग्रेटेड कोर्स, बैचलर इन प्रोफेशनल अकाउंटिंग, बैचलर इन म्यूजिक प्रोडक्शन, परफॉर्मिंग आर्ट्स और एमबीए इन सस्टेनिबिलिटी एंड आंत्रप्रेनरशिप के कोर्स हैं। गुप्ता ने बताया कि इनमें बैचलर इन म्यूजिक प्रोडक्शन पूरे देश का सिर्फ चौथा इंस्टीट्यूट होगा, जो कि एंजेल्स अकादमी की ओर से संचालित होगा। लॉन्चिंग के दौरान निदेशक शिवी सक्सेना ने बताया कि जीसीईसी अपने क्वालिटी एजुकेशन के लिए पूरे देश में अपना विशिष्ट स्थान रखता है। इन नए कोर्सेज से स्टूडेंट्स के लिए और अवसर मिल सकेंगे।






# दृष्टिकोण: राजनीति यूं ही काजल की कोठरी नहीं!




**राजेंद्र बज**
स्वतंत्र टिप्पणीकार


राजनीति की हवा में तैरते आरोप हर एक को संदेह के दायरे में लिए हुए हैं। लगभग यही स्थिति सामाजिक जनजीवन में स्पष्ट तौर पर दिखाई देती है। अलग-अलग परंपराएं व रीति-रिवाजों को अपने अपने पूर्वाग्रह के आधार पर आकलित किया जा रहा है। राजनीति और समाज में विचारधाराएं भी अस्त-व्यस्त होती नजर आती है। व्यावहारिक धरातल पर आम नागरिकों का राजनीतिक दृष्टिकोण जातीय तथा क्षेत्रीय आधार पर निर्धारित हो रहा है। राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नागरिकों का इतना ध्यान केंद्रित नहीं है कि वह बड़ी सोच को लेकर चल सके। ऐसे में छोटे-छोटे कारण ही बड़े परिवर्तन के जनक सिद्ध होते रहे हैं। जो जिसका नेतृत्व करता है, वह उसे अपने तौर तरीके से हांक रहा होता है। उथली सोच के आधार पर नेतृत्व का चयन, राजनीति में उच्चस्तरीय आदर्शों की स्थापना में बाधक सिद्ध हो सकता है।

ऐसे में राजनीतिज्ञों द्वारा आए दिन बोले जा रहे अनर्गल बोलो पर लगाम लगाना अत्यंत आवश्यक प्रतीत होता है। अन्यथा आरोप-प्रत्यारोप का ही सिलसिला चलता रहा तो आम नागरिकों से वास्तविकता का टूटता नाता नकारात्मक परिस्थिति का कारक सिद्ध हो सकता है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के चलतेअनर्गल प्रलापों का सिलसिला निरंतर विस्तार पाता जा रहा है। स्वस्थ राजनीति एवं समाज की संरचना में मतभिन्नता बाधक होकर अनावश्यक विवाद की जनक सिद्ध हो रही है विकसित भारत की परिकल्पना को साकार सिद्ध करने के लिए राजनीति का शुद्धिकरण समय की मांग है। इन दिनों राजनीति में सच को झूठ और झूठ को सच सिद्ध करने की होड़ सी चल रही है।

ऐसे वैसे-चाहे जैसे जनमत का समर्थन पाना राजनेताओं का परम लक्ष्य बन गया है। लक्ष्य को पाने के लिए नैतिक-अनैतिक का भेद नहीं किया जाता। यह स्थिति लोकतंत्र के भविष्य के लिए ठीक नहीं कही जा सकती। निरंकुश राजनेताओं ने मात्र अनर्गल प्रलाप के माध्यम से राजनीतिक परिस्थितियों को दूषित कर रखा है। इन परिस्थितियों के चलते आम नागरिक राजनीतिक दृष्टि से भ्रमजाल में उलझा हुआ दिखाई देता है। लोकतंत्र के भविष्य की दृष्टि से यह स्थिति चिंताजनक ही है। अपने-अपने राजनीतिक स्वार्थों के चलते इन विचारणीय पहलुओं पर गौर नहीं किया जाना, गहन चिंता का विषय है। दरअसल राजनीति में विरोधाभासी विचारधाराएं कालांतर में समाज में गुठली संघर्षों को भी जन्म दे सकती है। अलग-अलग जाति तथा अलग-अलग वर्ग अलग-अलग राजनीतिक संरक्षण प्राप्त करते हुए नीति नियमों के विपरीत आचरण करते हुए अराजकता को जन्म दे रहा है।

*“लक्ष्य को पाने के लिए नैतिक-अनैतिक का भेद नहीं किया जाता। यह स्थिति लोकतंत्र के भविष्य के लिए ठीक नहीं कही जा सकती। निरंकुश राजनेताओं ने मात्र अनर्गल प्रलाप के माध्यम से राजनीतिक परिस्थितियों को दूषित कर रखा है। इन परिस्थितियों के चलते आम नागरिक राजनीतिक दृष्टि से भ्रमजाल में उलझा हुआ दिखाई देता है। लोकतंत्र के भविष्य की दृष्टि से यह स्थिति चिंताजनक ही है। अपने-अपने राजनीतिक स्वार्थों के चलते इन विचारणीय पहलुओं पर गौर नहीं किया जाना, गहन चिंता का विषय है। दरअसल राजनीति में विरोधाभासी विचारधाराएं कालांतर में समाज में गुठली संघर्षों को भी जन्म दे सकती है। अलग-अलग जाति तथा अलग-अलग वर्ग अलग-अलग राजनीतिक संरक्षण प्राप्त करते हुए नीति नियमों के विपरीत आचरण करते हुए अराजकता को जन्म दे रहा है।”*

कुल मिलाकर विकसित भारत की परिकल्पना को साकार सिद्ध करने के लिए राजनीति के शुद्धिकरण की दिशा में ठोस कदम उठाना आवश्यक है। इस दिशा में सर्वप्रथम आवश्यकता इस बात की है कि अनर्गल आरोप-प्रत्यारोप पर विराम लगाया जाए। निश्चित रूप से जब तक आम नागरिक अपना विषय विशेष पर स्पष्ट अभिमत नहीं रखेंगे, तब तक लोकतंत्र की परिपक्वता में संदेह बना रहेगा। ऐसे में यह जरूरी है कि राजनीति में प्रामाणिक तथा नैतिक मूल्यों की स्थापना की दिशा में कारगर कदम उठाया जाए। निश्चित रूप से जब राजनीति में निराधार को आधार नहीं बनाया जा सकेगा तब ही नागरिकों की राजनीतिक जागृति, सकारात्मक परिणाम दे सकेगी। अन्यथा भ्रमजाल में निरंतर उलझते नागरिक अस्थिर मन से मतदान करेंगे तो वह भ्रमित अवस्था का ही परिणाम देगा। बेहतर हो यदि राजनीतिक तथा सामाजिक नेतृत्व उन विषयों को चिन्हित करें, जिस पर की सर्वमान्य स्थिति होना राष्ट्र एवं समाज के लिए परम आवश्यक प्रतीत होता हो। अन्यथा गंभीर से गंभीर विषय पर भी मतभिन्नता की स्थिति राष्ट्र एवं समाज को भारी पड़ सकती है। यह निश्चित है कि मतभिन्नता की स्थिति में अलग-अलग वर्ग एवं समूह की शारीरिक एवं मानसिक श्रम शक्ति अनावश्यक रूप से जाया होती रहती है।

अनावश्यक टकराव की स्थिति समाज में कानून और व्यवस्था के सम्मुख भी चुनौती बना करती है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि राजनीति हो या समाज, लेकिन नेतृत्व को सर्वसम्मत विषयों पर आम सहमति बनाने का प्रयास अवश्य करना चाहिए। ऐसा होने पर भ्रमजाल में उलझा आम आदमी महत्वपूर्ण विषयों पर एकमत हो सकेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## शिकागो यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट

# वायु प्रदूषण से भारतीयों की उम्र 5 साल कम!




**अमित बैजनाथ गर्ग**
वरिष्ठ पत्रकार


वायु प्रदूषण पर हाल ही में शिकागो यूनिवर्सिटी की ओर से जारी रिपोर्ट में चिंताजनक आंकड़े सामने आए हैं। रिपोर्ट में दुनिया भर के जिन छह देशों में रहने वाले लोगों की जिंदगी पर वायु प्रदूषण का सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है, उनमें भारत का भी नाम शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक, वायु प्रदूषण भारत के लोगों की जिंदगी के पांच साल कम कर रहा है, जबकि सिर्फ दिल्ली की बात करें तो स्थिति और भी ज्यादा खराब है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के तय मानक पांच माइक्रोग्राम पर क्यूबिक मीटर की तुलना में देश का सूक्ष्म कण वायु प्रदूषण लोगों की जिंदगी के पांच साल कम कर रहा है। रिपोर्ट में दिल्ली को दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बताते हुए कहा गया कि वायु प्रदूषण का यहां रहने वालों के स्वास्थ्य पर सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है और उनकी जिंदगी के 11.9 साल कम हो रहे हैं।

वहीं 2000-2016 के बीच भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश में वायु प्रदूषण के प्रेगनेंसी पर असर को लेकर लैंसेट की ओर से स्टडी की गई है। शोध में सामने आया कि तीनों देशों में प्रदूषण की वजह 29 प्रतिशत प्रेगनेंसी लॉस यानी गर्भपात हुआ। इसमें से अकेले 77 प्रतिशत प्रेगनेंसी लॉस भारत में हुआ, जबकि पाकिस्तान में 12 प्रतिशत और बांग्लादेश में 11 प्रतिशत मामले सामने आए। इस स्टडी में 34,197 महिलाओं को शामिल किया गया था, जिनमें से 27,480 महिलाओं ने मिसकैरेज और 6,717 स्टिल बर्थ (बच्चे की हार्ट बीट गायब होना) झेला। शोध में कहा गया कि प्रदूषण बढ़ने के साथ मानव स्वास्थ्य का खतरा भी बढ़ गया है।

*“दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर, जहां के लोगों के जीवन के 11.9 साल कम हो रहे हैं। वहीं वायु प्रदूषण की वजह दुनिया 29 प्रतिशत प्रेगनेंसी लॉस हुआ। इसमें से अकेले 77 प्रतिशत प्रेगनेंसी लॉस भारत में हुआ, जबकि पाकिस्तान में 12 प्रतिशत और बांग्लादेश में 11 प्रतिशत मामले सामने आए हैं।”*

शिकागो यूनिवर्सिटी में प्रो. माइकल ग्रीनस्टोन ने कहा कि वायु प्रदूषण से दुनिया भर के लोगों के जीवन पर पड़ रहे प्रभाव का तीन चौथाई हिस्सा सिर्फ छह देशों बांग्लादेश, भारत, पाकिस्तान, चीन, नाइजीरिया और इंडोनेशिया में है। आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि वायु प्रदूषण मानव स्वास्थ्य के लिए दुनिया का सबसे बड़ा बाहरी खतरा बना हुआ है। मानव जीवन पर वायु प्रदूषण से सबसे ज्यादा खतरे के मद्देनजर वैश्विक वायु गुणवत्ता अवसंरचना के लिए सामूहिक मौजूदा निवेश अपर्याप्त लगता है। एचआईवी-एड्स, मलेरिया और टीबी के लिए हर साल बड़े वैश्विक कोष का निवेश किया जाता है, लेकिन वायु प्रदूषण के लिहाज से ऐसा नहीं है।



स्विस फर्म आईक्यूएयर की लाइव रैंकिंग के मुताबिक, दुनिया के सबसे प्रदूषित 110 देशों की सूची में भारत के तीन शहर राजधानी दिल्ली, कोलकाता और मुंबई हैं। सूची में दिल्ली पहले नंबर पर है। यहां का एक्यूआई 254 है, जिससे दिल्ली पूरी दुनिया में सबसे प्रदूषित शहर है। इसके बाद रैंकिंग में चौथे स्थान पर 216 एक्यूआई के साथ कोलकाता है। इसके बाद दसवें स्थान पर मुंबई है, जहां एक्यूआई 155 रिकॉर्ड किया गया। हाल ही में कानपुर में सात दिन में तीन मौतें सांस लेने में दिक्कतों के चलते हो चुकी हैं। वहीं मेरठ में एक युवक को तेज बुखार आया और रेस्पिरेटरी सिस्टम फेल हो गया। नतीजा युवक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। डॉक्टरों का मानना है कि पॉल्यूशन ने फेफड़ों में ऑक्सीजन का लेवल घटा दिया है। पॉल्यूशन से फेफड़ों की नलियां सिकुड़ चुकी हैं। ऑक्सीजन की इनहेलिंग धीरे-धीरे घट रही है। ओपीडी और क्रिटिकल केयर यूनिट में आ रहे मरीजों की जांच में ऑक्सीजन लेवल ठीक नहीं मिल रहा है। चीन के गुआंगडोंग प्रांत में प्रदूषण से होने वाली प्रीमैच्योर डिलीवरी को लेकर एक शोध हुआ। इस शोध में शामिल 687 महिलाओं को प्रीमैच्योर डिलीवरी हुई थी और 1097 महिलाओं को कम वजन वाले बच्चे हुए थे। इनकी तुलना 1766 हेल्दी बर्थ वाली महिलाओं के साथ की गई। गौर करने वाली बात यह है कि चीन के इस प्रांत में पूरे देश के औसत से कम प्रदूषण रहता है। चीन में भी उत्तर भारत की तरह सितंबर-अक्टूबर से वायु प्रदूषण बढ़ना शुरू होता है और गर्मियों में कम होता है। इस शोध में यह पता चला कि प्रेगनेंसी के पहले और आखिरी महीने में महिलाओं और गर्भस्थ शिशु को प्रदूषण से सबसे ज्यादा नुकसान होता है। वहीं अमेरिका में होने वाले कुल प्रीमैच्योर बर्थ में तीन फीसदी की वजह प्रदूषण होता है। ऐसे बच्चों की संख्या 16 हजार है। प्लोस मैगजीन के मुताबिक, दुनिया भर में करीब 60 लाख बच्चे प्रदूषण की वजह से समय से पहले जन्म ले रहे हैं। इनमें से आधे बच्चे अंडरवेट यानी कम वजन के हैं।

अजन्मे शिशु के लिए सबसे सुरक्षित स्थान होता है मां की कोख, लेकिन दिल्ली-एनसीआर सहित पूरे उत्तर प्रदेश में वायु प्रदूषण से मां की कोख में पल रहे शिशु भी सुरक्षित नहीं है। बढ़ता प्रदूषण बुजुर्गों और छोटे बच्चों के साथ अजन्मे बच्चों पर भी असर डाल रहा है। यही वजह है कि डॉक्टर इस जहरीली हवा में गर्भवती महिलाओं को बाहर निकलने से रोक रहे हैं। खासतौर पर गर्भावस्था के शुरुआती और आखिरी समय में महिलाओं को घर में ही रहने को कहा जा रहा है। अधिकांश डॉक्टरों ने गर्भवती महिलाओं के लिए ऑनलाइन कंसल्टेंसी शुरू कर दी है। जरूरत पड़ने पर ही महिलाओं को चेकअप के लिए अस्पताल बुलाया जा रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि हवा में बिखरे हैवी मेटल्स मां की सांस के जरिए अजन्मे बच्चों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वायु प्रदूषण नवजातों के दिल, दिमाग और फेफड़ों के लिए घातक है।

पीडियाट्रिक डॉ. अनुपमा वर्मा का कहना है कि प्रदूषित हवा में सांस लेने पर पॉल्यूशन प्लेसेंटा को पार कर भ्रूण तक पहुंच रहा है। प्रदूषण खून के जरिए पोषक तत्वों को शिशु तक पहुंचने से रोकता है। इससे शिशु के दिमाग और फेफड़े सही से डेवलप नहीं हो पाते हैं। बच्चों में हार्ट में परेशानी, सांस की जन्मजात बीमारी, न्यूरो डवलपमेंट पर दुष्प्रभाव, लंग्स की मैच्योरिटी पर भी असर होता है। कई बच्चों में ऑटिज्म और बौद्धिक दिव्यांगता की भी समस्या देखी गई है। चिंता की बात यह है कि गर्भावस्था की शुरुआती जांच में ही भ्रूण में प्रदूषण के कण मिल रहे हैं। लंबे समय तक अगर बच्चा इस प्रदूषण के संपर्क में रहता है तो उसे कैंसर होने का खतरा भी बना रहता है। डॉ. वर्मा कहती हैं कि हवा में कार्बन मोनोऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड या नाइट्रोजन डाइऑक्साइड का लेवल ज्यादा होने से अर्ली डिलीवरी ही नहीं, बल्कि मिसकैरेज के मामले भी बढ़ सकते हैं। वायु प्रदूषण से बचाव के लिए समाधान के रूप में डॉक्टर सांस के मरीजों के साथ ही बच्चों से लेकर बड़ों तक को मास्क लगाने की सलाह दे रहे हैं। वरिष्ठ स्त्री और प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुपमा कालिया गंगवाल का कहना है कि सबसे पहले तो मास्क लगाना सभी के लिए अनिवार्य होना चाहिए। वहीं योग और व्यायाम करना चाहिए, जिससे हमारे फेफड़े मजबूत होंगे। इसके अलावा भीड़भाड़ वाली जगहों पर कम से कम ही जाना चाहिए। डॉ. अनुपमा यह भी कहती हैं कि स्वस्थ और पौष्टिक आहार लेने से शरीर मजबूत होगा, जिससे वायु प्रदूषण से लड़ने में मदद मिलेगी। वहीं वजन लेकर चलने में हांफने, तेज न चल पाने, सीढ़ी चढ़ने में सांस फूलने, जल्दी-जल्दी सांस लेने और मुंह से सांस लेने जैसे लक्षण दिखने पर फौरन चेकअप कराएं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# वाह वाही लूटने के दिन...




**दिनेश विजयवर्गीय**
व्यंग्यकार


वह लोग सौभाग्यशाली हैं जिन्हें गाए बगाए लोगों की ओर से वाह वाही लूटने का अवसर मिलता है । भारतीय लोकतंत्र में पांच वर्ष बाद चुनावी चहल-पहल के चलते पक्ष विपक्ष को जनता से वाह वाही लूटने का अवसर मिलता रहता है। अब फिर चुनावी आहट शुरू हो गई। यह भी अपनी चुनावी रंगत जनता पर छोड़ेगी।

आज मॉर्निंग वॉक से लौट रहा था तो हम उम्र पत्रकार गुड़की मिल गया। हाय हेलो के बाद हम साथ बैठ बातों में खोते रहे। मैंने उससे पूछा 'गुड़की आजकल चुनावी रंग जमने लगा है। सत्ता पक्ष अपनी जनहितकारी योजनाओं की घोषणा कर रहा है। कभी गैस का मूल्य कम हो रहा है तो कहीं किसानों को संतुष्ट करने के लिए उसकी मांगों पर सहानुभूति से विचार हो रहा है। कहीं किसी अन्य जन सुविधा से तो कभी कर्मचारियों को महंगाई से मुकाबला करने के लिए कुछ राहत देकर उसका मन जीता जारहा है।'

गुड़की बोला 'चुनाव के दिनों में जनता को विश्वास में लेकर अपने के लिए वोट प्राप्त करने के लिये जैसे-तैसे जैसे हर कोई जुगाड़ में बनाता रहता है विपक्ष भी कौन सी कमी रख रहा है। विभिन्न दलों का गठजोड़ बनाया है। कोई कहता हम जीते तो लाखों लोगों को रोजगार देंगे। किसानों हित के लिए यह कर देंगे वह कर देंगे। जनता को जीवन में आनंद मंगल का मखमली एहसास करा देंगे। वह खुश होकर कहेगी वाह! क्या बदलाव आया है। जैसे किसी नई बगिया में पहली बार सूरजमुखी का फूल खिला हो। और कभी महिलाओं को और सुविधाएं देने की बात करते हैं। सच पूछो तो यह लोकतंत्र में चुनावी दिनों का बेहतरीन रेवड़ी वितरण समारोह है।'

'पर जनता क्या अब रेवाड़ी संस्कृति से सच में प्रभावित होती है?' मैंने पूछा। कोई भी राजा हो, हमें क्या हानि? सोच वाले रेवाड़ी कल्चर से लाभान्वित हो आनदित होते हैं। लेकिन कई इस रेवड़ी कल्चर की सुविधा भी लेते हैं और वोट भी बिना किसी से प्रभावित हुए अपनी पसंद के अनुसार देते हैं। किसी लोभ लालच में आकर अपना वोट देने का निर्णय नहीं बदलते।

अब देखना यह है कि किसके भाग्य में सफलता है और कौन सब कुछ लुटा कर हाथ मलने की स्थिति में रहता है। यह तो आने वाला समय ही बताएगा कि विजय का परचम कौन लहरायेगा। बस इन दिनों राजनीतिक दलों की उठा पटक को देख जनता चुप-चुप अपना मन बना रही है ।बस आगे आगे देखते रहिए क्या कुछ होता है? अभी तो दिन वाह वाही लूटने के चल रहे हैं।'

## नॉलेज कॉर्नर: एमिशन एनालिटिक्स की स्टडी में खुलासा

# इलेक्ट्रिक वाहनों से फैलता है अधिक प्रदूषण!

आमतौर पर माना जाता है कि इलेक्ट्रिक वाहन पर्यावरण के लिए सुरक्षित हैं क्योंकि इनसे प्रदूषण कम फैलता है, लेकिन इस पर हुई रिसर्च रिपोर्ट चौंकाती है। एमिशन डाटा का एनालिसिस करने वाली फर्म एमिशन एनालिटिक्स ने एक स्टडी कराई। स्टडी में यह पता करने की कोशिश की गई कि गैस और दूसरे ईंधन के मुकाबले ईवी यानी इलेक्ट्रिक व्हीकल पर्यावरण के लिए कितने सुरक्षित है। रिसर्च के नतीजों में चौंकाने वाले परिणाम सामने आए। रिसर्च रिपोर्ट कहती है, गैस से चलने वाली कारों के मुकाबले इलेक्ट्रिक व्हीकल के ब्रेक और टायर 1850 गुना ज्यादा प्रदूषण फैलाते हैं। विस्तार से जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### इसलिए हवा बनती है जहरीली

एमिशन एनालिटिक्स की रिपोर्ट कहती है, इलेक्ट्रिक वाहनों का वजन ज्यादा होता है। वजन ज्यादा होने के कारण इसके टायर जल्दी घिसते हैं। यानी तेजी से इनकी उम्र घटती है। ये हवा में नुकसान पहुंचाने वाले केमिकल रिलीज करते हैं। ज्यादातर टायर क्रूड ऑयल से निकले सिंथेटिक रबर से तैयार किए जाते हैं। ये प्रदूषण की वजह बनते हैं। पेट्रोल इंजन के मुकाबले EV की बैटरी ज्यादा भारी होती है। यह अतिरिक्त वजन ही ब्रेक और टायर पर पड़ता है और इनकी उम्र तेजी से कम होती है।



स्टडी इसलिए चौंकाती है क्योंकि अब तक माना जाता रहा है कि पेट्रोल और डीजल के मुकाबले इलेक्ट्रिक व्हीहल प्रदूषण के मामले में ज्यादा सुरक्षित हैं। ये ग्रीन हाउस गैसों का कम उत्सर्जन करते हैं। लेकिन नई रिसर्च ने इस पर खुलासे किए हैं। इसके साथ ही इनकी वजह भी बताई है।

### ज्यादा फैलता है प्रदूषण

रिसर्च रिपोर्ट में इलेक्ट्रिक वाहनों में इस्तेमाल होने वाली बैटरी पर चिंता जताई गई है। कहा गया है कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के बैटरी को डिकम्पोज करना भी जरूरी है। अगर बैटरी को ठीक से खत्म नहीं किया जाता है तो पर्यावरण के लिए खतरा बढ़ता है। इसलिए ईवी की बैटरी भी अहम पहलू है।इससे पहले हुई रिसर्च में बैटरी को डिकम्पोज करने के लिए बरती जाने वाली लापरवाही को पर्यावरण के लिए खतरा बताया जा चुका है। इस तरह कहा जा सकता है कि पर्यावरण के लिए अब तक सुरक्षित माने जाने वाले ईवी उतने भी सुरक्षित नहीं हैं, इनको लेकर जितना दावा किया जाता है। यही वजह है कि इलेक्ट्रिक वाहनों को लेकर हुई यह स्टडी चौंकाती है और पर्यावरण को सुरक्षित बनाने की दिशान में अलर्ट भी करती है।

### बैटरी का वजन ज्यादा

*रिसर्च रिपोर्ट में टेस्ला के मॉडल Y और फोर्ड एफ-150 लाइटनिंग का उदाहरण देते हुए कहा गया है कि दोनों ही गाड़ियों में करीब 1800 पाउंड की बैटरी लगी है। पेट्रोल कार के मुकाबले इन इलेक्ट्रिक वाहनों में लगी आधे टन की इस वजनी बैटरी से 400 गुना अधिक उत्सर्जन होता है।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*

X



**अमित शाह,** केंद्रीय गृह मंत्री
@AmitShah
मोदी जी ने शहर और गाँव के लोगों के जीवन के बीच का अंतर समाप्त करने के लिए अनेक सफल कदम उठाए हैं।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
यह नया व सशक्त भारत है...। आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी के प्रेरणादायी नेतृत्व में भारत राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में पूर्ण आत्मनिर्भरता की ओर सतत बढ़ रहा है। मिशन दिव्यास्त्र के तहत अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण उसका ही विस्तार है। देश की सशस्त्र सेना की मारक क्षमता को एक बार पुनः सशक्त करने हेतु DRDO की पूरी टीम को हृदय तल से बधाई एवं शुभकामनाएं।



**अश्विनी वैष्णव,** रेल मंत्री
@AshwiniVaishnaw
“गर्व है हमें अपने तिरंगे पर, अपने नेतृत्व पर!” विदेश में भी रखे हमारा ख्याल... तभी तो हैं सभी #ModiKaParivar

### मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की पर्यवेक्षकों के साथ बैठक, दिए कड़े निर्देश

# निष्पक्ष व भयमुक्त चुनाव के लिए हर संभव इंतजाम किए जाएं: राजीव

एजेंसी | नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने सोमवार को अपने पर्यवेक्षकों से कहा कि देश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भय और भेदभाव मुक्त चुनाव के लिए सबको समान अवसर मुहैया कराने के लिए हर संभव इंतजाम हों।

इसके साथ ही आयोग ने केंद्रीय और राज्य बलों के विवेकपूर्ण इस्तेमाल पर जोर दिया और कहा कि उनकी तैनाती किसी खास दल को फायदा नहीं पहुंचाएगी। चुनाव आयोग ने दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित पर्यवेक्षकों की बैठक में यह निर्देश दिए। लोकसभा और कुछ राज्यों में विधानसभा चुनावों की घोषणा से पहले हुई बैठक को मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने संबोधित किया। राजीव कुमार ने कहा कि चुनाव भय और प्रलोभन से मुक्त होने चाहिए। सीईसी ने उन्हें याद दिलाया कि वे एक पर्यवेक्षक के रूप में आयोग का प्रतिनिधित्व करते हैं और उनसे पेशवर आचरण करने और उम्मीदवारों सहित सभी हितधारकों के लिए सुलभ होने की उम्मीद की जाती है। उन्होंने कहा कि हर ऑब्जर्वर अपने लोकसभा या विधानसभा क्षेत्र की सीमा में अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि हर ऑब्जर्वर हमेशा अपने फोन, ईमेल और अन्य अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हमेशा उपलब्ध रहें और उम्मीदवारों, दलों, मतदाताओं और मतदान कर्मियों की कॉल का जवाब दें। इस संबंध में किसी भी शिकायत को आयोग द्वारा गंभीरता से लिया जाएगा।






### चुनाव प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं की दी जानकारी

बैठक के दौरान अधिकारियों, वरिष्ठ उप चुनाव आयुक्त, उप चुनाव आयुक्तों और अन्य लोगों को चुनाव प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पर्यवेक्षकों को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है। जात रहे कि पर्यवेक्षकों की घोषणा से पहले चुनावी क्षेत्रों में तैनात किया जाता है और वे राज्यों में चुनाव प्राधिकरण की आंख और कान के रूप में काम करते हैं।

### वाहनों में जीपीएस ट्रैकर लगाने का प्रस्ताव

आयोग ने एक बयान में कहा कि पर्यवेक्षकों को अपने काम के प्रति आचरण में सख्त लेकिन लोगों के साथ विनम्र रहने का निर्देश दिया गया है। आयोग ने पर्यवेक्षकों को उनके वाहनों में जीपीएस ट्रैकर लगाने का प्रस्ताव दिया है। आयोग ने कहा है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान पर्यवेक्षकों को अपनी आरामदायक स्थिति (कंफर्ट जोन) से बाहर आने की जरूरत है।

---

## 600 इंदिरा कैंटीन खोलेगी कर्नाटक सरकार



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने सोमवार को घोषणा की कि लोकसभा चुनाव से पहले राज्यभर में कम से कम 600 इंदिरा कैंटीन खोली जाएंगी। उन्होंने कहा कि हम बेंगलुरु में 188 नई इंदिरा कैंटीन शुरू करने जा रहे हैं। इनमें से 40 खोली जा चुकी हैं और अन्य पर काम चल रहा है। टैक्सी चालकों व अन्य चालकों द्वारा एयरपोर्ट के पास कैंटीन खोले जाने की मांग पर दो इंदिरा कैंटीन शुरू की जा रही हैं। सीएम सिद्दरमैया बेंगलुरु स्थित केंपेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका द्वारा आयोजित इंदिरा कैंटीन समारोह में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस कैंटीन का उद्देश्य गरीब लोगों को कम दर पर नाश्ता व खाना उपलब्ध कराना है।

## महुआ को नहीं मिली राहत, मई में होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** कैश फॉर क्वेरी मामले में संसद से निष्कासित सांसद व टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई की। साथ ही, कोर्ट ने कहा कि इस मामले में अगली सुनवाई मई में की जाएगी। महुआ ने संसद से निष्कासन को चुनौती दी है। महुआ की याचिका न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायाधीश दीपांकर दत्ता की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई। पी ने कहा, 6 मई से शुरू होने वाले सप्ताह में एक गैर-विविध दिन की सूची बनाएं। मोइत्रा के वकील का कहना है कि उनका प्रत्युत्तर दाखिल करने का इरादा नहीं है। दरअसल, शीर्ष अदालत ने तीन जनवरी को मोइत्रा की उनके निष्कासन को चुनौती देने वाली याचिका पर लोकसभा महासचिव से जवाब मांगा था।

### पीएम ने 16 राज्यों की 114 परियोजनाएं की देश को समर्पित, कहा...

# विकास की रफ्तार से समझौता नहीं, मुझे विराट-विशाल चाहिए

एजेंसी | गुरुग्राम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि 21वीं सदी का भारत बड़े विजन का भारत है। ये बड़े लक्ष्यों का भारत है। आज का भारत प्रगति की रफ्तार से कोई समझौता नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि आप सभी मुझे अच्छी तरह से जानते और समझते हैं। मैं छोटा नहीं सोच सकता, न ही मैं छोटे सपने देखता हूं, न ही मैं छोटे संकल्प लेता हूं। मैं जो भी चाहता हूं, वह बड़ा चाहता हूं।

मुझे जो चाहिए विराट चाहिए, विशाल चाहिए और तेज गति से चाहिए, क्योंकि 2047 में मुझे देश को 'विकसित भारत' के रूप में देखना है। आपके बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए जी-जान से जुटे रहना है। पीएम मोदी ने सोमवार को हरियाणा के गुरुग्राम से देशवासियों को विकास की नई परियोजनाओं की सौगात देने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही।




उन्होंने कहा कि देश में तेजी से हो रहा इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण का काम, भारत को उतनी ही तेजी से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत भी बनाएगा। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारें छोटी सी कोई योजना बनाकर, छोटा सा कोई कार्यक्रम करके उसकी डुगडुगी पांच साल तक पीटते रहते थे। वहीं भाजपा सरकार जिस रफ्तार से काम कर रही है, उसमें शिलान्यास और लोकार्पण के लिए समय और दिन कम पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2024 के अभी तीन महीने भी पूरे नहीं हुए हैं, और इतने कम समय में 10 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हो चुका है। ये सिर्फ वो प्रोजेक्ट्स हैं, जिसमें मैं खुद शामिल हुआ हूं। इसके अलावा मेरे मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों ने भी विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया है।

### द्वारका एक्सप्रेस वे

- 9000 करोड़ रुपए हुए खर्च
- दिल्ली और हरियाणा के बीच परिवहन सुविधा होगी बेहतर

### कांग्रेस व उसके दोस्तों का चश्मा नहीं बदला: PM

पीएम मोदी ने कहा कि देश में हो रहे लाखों करोड़ रुपए के इन विकास कार्यों से सबसे ज्यादा दिक्कत सिर्फ कांग्रेस और उसके घमंडिया गठबंधन को है। उनकी नींद हराम हो गई है। इसलिए वो लोग कह रहे हैं कि मोदी चुनाव के कारण लाखों करोड़ रुपए के काम कर रहा है। 10 वर्षों में देश इतना बदल गया, लेकिन कांग्रेस और उसके दोस्तों का चश्मा नहीं बदला। इनके चश्में का नंबर आज भी वही है। उन्होंन कहा कि देश में जिस गति से विकास हो रहा है उससे कांग्रेस और इंडिया गठबंधन डरे हुए हैं। जब मैं विकासात्मक परियोजनाओं का उद्घाटन करता हूं, तो वे इसे 'चुनावी रणनीति' कहते हैं। नकारात्मकता और केवल नकारात्मकता ही कांग्रेस की असली विशेषता है।

### एक लाख करोड़ की आई है लागत

पीएम ने 16 राज्यों की एक लाख करोड़ रुपए से अधिक लागत की 114 परियोजनाएं जनता को समर्पित की। उन्होंने द्वारका एक्सप्रेस-वे के 19 किलोमीटर लंबे हरियाणा खंड को भी राष्ट्र को समर्पित किया। इस प्रोजेक्ट पर 9,000 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। पीएम ने कई अन्य परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी और एक रोड शो भी किया। इस दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी मौजूद रहे।




## महिला सशक्तीकरण का नया अध्याय लिखेगा



एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि देश में महिलाएं, जिनकी आकांक्षाएं कभी जबरदस्ती घरों तक ही सीमित थीं, अब राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रही हैं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, हमारा तीसरा कार्यकाल महिलासशक्तीकरण पर एक नया अध्याय लिखेगा।" पीएम मोदी ने दिल्ली में आयोजित 'सशक्त नारी-विकसित भारत कार्यक्रम' के दौरान यह बात कही।

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में देशभर के 11 अलग-अलग स्थानों से नमो ड्रोन दीदीयां शामिल हुईं। नमो ड्रोन दीदी अभियान के तहत 1 हजार आधुनिक ड्रोन महिला स्वयं सहायता समूहों को सौंपे गए। यह योजना महिलाओं को आधुनिकता के साथ एग्रीकल्चर में अपना योगदान देने के लिए शुरू की गई है। इसके लिए सरकार फ्री में ट्रेनिंग भी दे रही है।

पीएम मोदी ने कहा, मैंने ये फैसला लिया कि हमें अब 3 करोड़ लखपति दीदी के आंकड़े को पार करना है।

इसी उद्देश्य से 10 हजार करोड़ रुपए की राशि भी इन दीदियों के खाते में ट्रांसफर की गई है।

### पिछली सरकार पर किया हमला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि कोई भी देश हो, कोई भी समाज हो, वो नारीशक्ति की गरिमा बढ़ाते हुए, उनके लिए नए अवसर बनाते हुए ही आगे बढ़ सकता है, लेकिन दुर्भाग्य से देश में पहले जो सरकारें रही, उनके लिए आप सभी महिलाओं का जीवन, आपकी मुश्किलें कभी प्राथमिकता नहीं रही। उन्होंने कहा, मेरा हमारी माताओं-बहनों को अगर थोड़ा अवसर, थोड़ा सहारा मिल जाए, वे खुद लोगों का सहारा बन जाती हैं।"

### हर संभव योजना लाने का प्रयास

पीएम मोदी ने कहा, जब भी मैं आपके कल्याण की बात करता हूं, कांग्रेस उसे मुझे गाली देने का मौका समझ लेती है। परिवारवादी पार्टियां कभी भी आपके संघर्षों से जुड़ नहीं सकतीं। 2014 से, मैं ऐसी योजनाएं बनाने का प्रयास कर रहा हूं, जो आपके जीवन के हर चरण में आपकी सहायता करेंगी। प्रसव पूर्व देखभाल से लेकर वित्तीय सेवाओं तक आसान पहुंच तक, हमने महिलाओं की सभी जरूरतों का ख्याल रखा है। उन्होंने कहा, बीते 10 वर्षों में जिस तरह भारत में महिला स्वयं सहायता समूहों का विस्तार हुआ है, वो अपने आप में अध्ययन का विषय है।

### जीत सुनिश्चित करने में जुटे शरद पवार

# थोपटे की ओर बढ़ाया सुलह का हाथ, बदलेंगे सियासी समीकरण





एजेंसी | मुंबई

महाराष्ट्र में भले ही महाविकास अघाड़ी के बीच सीट सीटों के बंटवारे पर सहमति नहीं बन पाई है लेकिन बारामती संसदीय सीट को लेकर राज्य के प्रमुख सियासी परिवार में ही घमासान शुरू हो गया है और दोनों पक्ष एक दूसरे को मात देने की रणनीति बनाने में जुट गए हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार बारामती सीट से अपनी बेटी सुप्रिया सुले की उम्मीदवारी की घोषणा के साथ उसकी जीत सुनिश्चित करने में जुट गए हैं।

इसके तहत उन्होंने एक बड़ी रणनीतिक व सियासी दांव खेला है। उन्होंने कई दशक पुरानी अपनी सियासी दुश्मनी को भुलाते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनंतराव थोपटे की ओर सुलह का हाथ बढ़ाया है। शरद पवार और थोपटे की मुलाकात के दौरान कांग्रेस नेता बालासाहेब थोराट भी मौजूद रहे। इसके अलावा पवार ने राष्ट्रीय समाज पक्ष पार्टी की ओर भी हाथ बढ़ाया है। माना जा रहा है कि पवार का यह दांव बारामती में सियासी समीकरण बदल सकता है। बारामती में पिछले चार दशक से एकछत्र राज कर रहे शरद पवार की अनंतराव थोपटे से 40 साल पुरानी दुश्मनी मानी जाती है।

बारामती में भतीजे अजीत पवार से मिल रही चुनौती से पार पाने के लिए शरद पवार अनंतराव थोपटे के भोर स्थित आवास पर पहुंचे और मुलाकात की। इस मौके पर अनंतराव के बेटे संग्राम थोपटे भी मौजूद रहे। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि पवार ने सुप्रिया की जीत के लिए यह दांव खेला है।

अगर बारामती में सुप्रिया की हार होती है तो इसे शरद पवार की हार के तौर पर देखा जाएगा। इसीलिए पवार कोई जोखिम नहीं उठाना चाह रहे हैं।

### राष्ट्रीय समाज पार्टी प्रमुख को माढा सीट की पेशकश!

बारामती सीट पर पवार ने यह दूसरा बड़ा दांव चला है। सूत्रों के अनुसार पवार ने राष्ट्रीय समाज पक्ष पार्टी के प्रमुख महादेव जानकार को महायुति छोड़कर अपनी पार्टी में आने की पेशकश की है। पवार ने इसके लिए जानकार को माढा सीट देने की पेशकश की है। धनगर समाज से आने वाले जानकार अगर पवार के साथ आते हैं तो सुप्रिया की राह आसान होगी। बारामती में जिस तरह से शरद पवार दांव पर दांव खेल रहे हैं उसके बाद चर्चा शुरू हो गई कि चाचा से राकांपा की लड़ाई जीतने के बाद क्या अजित पवार पत्नी सुनेत्रा पंवार को चुनाव मैदान में उतारने का जोखिम उठाएंगे। पिछले चुनाव में उनके बेटे पार्थ पवार को हार का मुंह देखना पड़ा था। शरद पवार ने दो बड़े दांव खेलकर भतीजे अजित पवार को बैकफुट पर धकेल दिया है। अब देखना यह है कि अजीत पवार चाचा की चाल का कैसे जवाब देते हैं?

### यह रहा चुनावी मतों का गणित

2014 के चुनावों में सुप्रिया सुले को कुल 5.21 लाख वोट मिले थे, जोकि कुल 48.88 फीसद थे, तो वहीं रासपा प्रमुख महादेव जानकर को 4.51 लाख वोट मिले थे, जो 42.35 फीसदी थे। 2014 के चुनावों में इस सीट पर भाजपा ने रासपा को सपोर्ट किया था। मुख्य मुकाबला एनसीपी और रासपा में हुआ था। 2009 के चुनावों में भाजपा प्रत्याशी के होने के बाद रासपा उम्मीदवार को 14,912 वोट मिले थे।

---

### भाजपा सांसद हेगड़े के बयान पर बवाल

# भाजपा और संघ सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता के विरोधी: खरगे

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव को लेकर बढ़ी सरगर्मियों के बीच भाजपा सांसद अनंत कुमार हेगड़े के संविधान में संसोधन को लेकर दिए गए बयान पर विवाद बढ़ गया है। राजनीतिक पार्टियां इस मुद्दे पर भाजपा को घेरने की कोशिश कर रही हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हेगड़े के बयान को लेकर सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा पर सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता का विरोधी होने का आरोप लगाया। उन्होंने ये भी दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में 400 सीट की बात जा रही है, ताकि संविधान बदला जा सके। खरगे ने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा, भाजपा ने संविधान को पूरी तरह से स्वीकार नहीं किया है। इसे लेकर मुझे दुख है।

प्रधानमंत्री एक तरफ बात करते हैं कि संविधान नहीं बदलेगा, लेकिन अपने लोगों से कहलवाते हैं कि 400 सीट दो, ताकि संविधान बदला जा सके। उन्होंने भाजपा और आरआरएस पर निशाना साधते हुए कहा, ये इनकी मानसिकता बुरी है और इससे देश में हंगामा मचेगा। उन्होंने सवाल किया,एससी,एसटी का आरक्षण संविधान में दिया गया है। आप क्या बदलना चाहते हैं? खरगे ने दावा किया, वे (भाजपा) संविधान बदलना चाहते हैं, इसलिए 400 पार की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा, आप सामाजिक न्याय नहीं चाहते। मैं तो कहूंगा कि आप लोग 'मनुवादी' हैं।



### दी हेगड़े को पार्टी से निकालने की चुनौती

खरगे ने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि अगर मेरी पार्टी में कोई भी ऐसी टिप्पणी करता है तो मैं उसे हटा दूंगा, अगर उनमें (भाजपा) हिम्मत है तो उन्हें भी ऐसा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर वे बी आर अंबेडकर में विश्वास करते हैं तो उन्हें ऐसे लोगों को अपनी पार्टी से निकालना चाहिए और उन्हें टिकट नहीं देना चाहिए।

### भाजपा ने किया हेगड़े के बयान से किनारा

भाजपा ने खुद को अनंत हेगड़े के बयान से अलग कर लिया है और इसे अनंत हेगड़े का निजी बयान बताया है। भाजपा ने अनंत हेगड़े से उनके बयान पर स्पष्टीकरण भी मांगा है। भाजपा नेता और पार्टी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि हेगड़े का बयान उनका निजी बयान है और यह पार्टी के विचार नहीं हैं। भाजपा ने बयान पर संज्ञान लिया है और उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। भाटिया ने कहा कि पार्टी ने जो भी कदम उठाए हैं, वो देशहित में और संविधान को ध्यान में रखकर उठाए गए हैं। कर्नाटक भाजपा ने भी अनंत हेगड़े के बयान से किनारा कर लिया। कर्नाटक भाजपा ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि अनंत हेगड़े का बयान उनकी निजी बयान है और यह पार्टी का रुख नहीं है।

### यह कहा था हेगड़े ने



उल्लेखनीय है कि हेगड़े ने रविवार को लोगों से लोकसभा में भाजपा को दो-तिहाई बहुमत देने की अपील की थी, ताकि देश के संविधान में संशोधन किया जा सके। भाजपा ने हेगड़े के बयान को उनका 'निजी विचार' करार दिया है।

## जरूरी खबर

### मणिपुर हिंसा: जांच की स्थिति पर रिपोर्ट दाखिल करें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मणिपुर सरकार, सीबीआई और एनआईए को निर्देश दिया कि वे जातीय हिंसा के मामलों में दायर आरोप पत्रों और जांच की स्थिति पर रिपोर्ट पेश करें। शीर्ष अदालत ने कहा कि इससे यह फैसला लेने में मदद मिल सकेगी कि सुनवाई असम में ही शुरू होगी या मणिपुर में भी की जा सकती है। वह पिछले दो महीने में हिंसक घटनाओं, सशस्त्र प्रदर्शनों, राजमार्गों को रोकने और जिला कलक्टर के घर पर हमले की घटनाओं के मद्देनजर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य सरकार और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को निर्देश जारी नहीं कर सकती है। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़, न्यायाधीश जेबी पारदीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, अदालत निर्देश नहीं दे सकती।

### इनसैट-3डीएस ने शुरू किया 'अर्थ इमेजिंग ऑपरेशन'

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को कहा कि उसके मौसम उपग्रह इनसैट-3डीएस ने पृथ्वी की तस्वीरें लेने के लिए अभियान शुरू किया है। अंतरिक्ष एजेंसी ने उपग्रह के इमेजर और साउंडर पेलोड से ली गई तस्वीरों का पहला सेट जारी किया। पेलोड में छह चैनल इमेजर और 19 चैनल साउंडर लगे हुए हैं। इमेजर और साउंडर पेलोड INSAT-3D और INSAT-3DR के समान हैं। पेलोड को अहमदाबाद स्थित अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (एसएसी) में डिजाइन और विकसित किया गया था।

### संदेशखाली: CBI जांच रोकने से SC का इनकार



**नई दिल्ली।** संदेशखाली मामले पर पश्चिम बंगाल सरकार को सुप्रीम कोर्ट से सोमवार को तगड़ा झटका लगा। अदालत ने इस केस में सीबीआई जांच का निर्देश देने वाले कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया। ईडी अधिकारियों पर हमले से जुड़ा यह मामला है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने राज्य पुलिस से शाहजहां शेख की गिरफ्तारी में देरी पर सवाल किया। आखिर शेख को गिरफ्तार करने में इतने दिन क्यों लग गए? इस पर राज्य सरकार के वकील ने कहा कि अदालत ने जांच पर रोक लगाई थी और इसे लेकर स्पष्टीकरण आने के एक दिन के भीतर ही राज्य पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## मॉरीशस की यात्रा पर पहुंची राष्ट्रपति मुर्मू



*पोर्ट लुईस। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को तीन दिवसीय राजकीय दौरे पर मॉरीशस पहुंचीं। राष्ट्रपति मुर्मू मंगलवार को मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगी। पोर्ट लुईस एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति मुर्म का स्वागत करते मॉरीशस के राष्ट्रपति व अन्य नेता।*

### मालदीव से भारतीय सैन्य दस्ते की वापसी शुरू

माले। मालदीव में तैनात भारतीय सैन्य अधिकारियों का एक दल भारत लौट आया है। उसके बाद में वहां मौजूद हेलिकाप्टर को संचालित करने के लिए भारतीय नागरिकों का एक दल पहले ही वहां पहुंच चुका है। हालांकि, अभी तक भारत सरकार ने पहले भारतीय सैन्य दस्ते की वापसी संबंधी कोई पुष्टि नहीं की है। मालदीव नेशनल डिफेंस फोर्स (एमएनडीएफ) के एक मीडिया अधिकारी ने अधाधू समाचार पोर्टल को बताया कि अड्डू सिटी में तैनात भारतीय सैनिक भारत लौट चुके हैं। इससे पहले उनका स्थान लेने के लिए उतने ही संख्या बल में भारतीय नागरिकों को भेजा गया है, जो वहां तैनात हेलीकाप्टर के अभियानों को पूरा करेंगे।

फिलहाल भारतीय रक्षा मंत्रालय ने अब तक मालदीव से भारतीय सैनिक दस्ते की वापसी की कोई पुष्टि नहीं की है। 26 भारतीय नागरिकों का पहला जत्था 26 फरवरी को ही माले पहुंचा था, अब भारतीय सैन्य अफसरों की जगह लेगा और अड्डू में हेलिकाप्टर को आपरेट करेगा।

## सीएए लागू करने पर सियासी घमासान: केंद्र पर बरसे विपक्षी दल

# ममता व विजयन ने कहा- नहीं होगा लागू, कांग्रेस भी विरोध में

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्र की मोदी सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लागू करने की अधिसूचना जारी होने के साथ ही देश में सियासत गरमा गई है। कांग्रेस, टीएमसी, माकपा समेत कई विपक्षी दलों ने इसका विरोध किया है। वहीं, पश्चिम बंगाल व केरल के मुख्यमंत्रियों ने कहा है कि वे अपने अपने राज्यों में यह कानून लागू नहीं करेंगे। दूसरी ओर भाजपा ने भी इस कानून को लेकर अपना रुख साफ कर दिया है। भाजपा ने कहा हम जो कहते हैं, वो कर दिखाते हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव से पहले सीएए लागू करके देश में खासकर पश्चिम बंगाल व असम में ध्रुवीकरण का प्रयास किया गया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि चुनावी बॉण्ड पर सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद सरकार ने 'हेडलाइन मैनेज करने' की कोशिश भी की है।

केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने इसे सांप्रदायिक आधार पर विभाजन पैदा करने वाला कानून बताया। साथ ही कहा कि वे इसे किसी भी कीमत पर केरल में लागू नहीं होने देंगे। विजयन ने एक बयान में कहा कि सरकार ने बार-बार कहा है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम, जो मुस्लिम अल्पसंख्यकों को दोयम दर्जे का नागरिक मानता है, उसे केरल में लागू नहीं किया जाएगा। इस सांप्रदायिक रूप से विभाजनकारी कानून के विरोध में पूरा केरल एकजुट होगा। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ने भी कहा कि वह किसी भी सूरत में बंगाल में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू नहीं होने देंगी। उन्होंने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर केंद्र सरकार मजबूत होती तो सीएए पहले ही लागू कर देती। लोकसभा चुनाव पहले ही इसे क्यों लागू किया गया।

ममता बनर्जी ने कहा,सीएए और एनआरसी न केवल बंगाल बल्कि पूरे पूर्वोत्तर के लिए संवेदनशील मुद्दा है। हम लोकसभा चुनाव से पहले अशांति नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि जब चुनाव आता है तो वे कुछ न कुछ प्रलोभन देने की कोशिश करते हैं। मेरा कहना है कि सीएए 2020 में पारित हुआ। इसके बाद चार साल लग गए। क्या आज चुनाव से दो या तीन दिन पहले सीएए लाना ज़रूरी है? उन्होंने इसे एक राजनीतिक योजना करार दिया। ममता बनर्जी ने यह भी कहा कि एनआरसी और सीएए के नाम पर लोगों को डिटेंशन कैंप में भेजा जाएगा, तो वह इसका विरोध करेंगी।





### यह विभाजनकारी कानून: ओवैसी




एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने भी सीएए को लेकर केंद्र पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि नागरिकता (संशोधन) कानून विभाजनकारी है। यह गोडसे की सोच पर आधारित है जो मुसलमानों को दोयम दर्जे का नागरिक बनाना चाहता था। एनपीआर-एनआरसी के साथ, सीएए केवल मुसलमानों को लक्षित करने के लिए है और इसका कोई अन्य उद्देश्य नहीं है। ओवैसी ने कहा कि आप क्रोनोलॉजी समझिए। पहले चुनाव का मौसम आएगा, उसके बाद सीएए के नियम आएंगे।

### अखिलेश यादव ने कही ये बात

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी केंद्र की मोदी सरकार पर सीएए के साथ ही बेरोजगारी को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जब देश के नागरिक रोजी-रोटी के लिए बाहर जाने पर मजबूर हैं तो दूसरों के लिए 'नागरिकता क़ानून' लाने से क्या होगा? जनता अब भटकावे की राजनीति का भाजपाई खेल समझ चुकी है। भाजपा सरकार ये बताए कि उनके 10 सालों के राज में लाखों नागरिक देश की नागरिकता छोड़ कर क्यों चले गए। अखिलेश ने चुनावी बांड को लेकर भी केंद्र पर तंज कसा। उन्होंने लिखा कि चाहे कुछ हो जाए कल 'इलेक्टोरल बांड' का हिसाब तो देना ही पड़ेगा और फिर 'केयर फ़ंड' का भी।

### पीएम मोदी ने एक और प्रतिबद्धता पूरी की: केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, केंद्र सरकार ने नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 को अधिसूचित किया। ये नियम अब पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में धार्मिक आधार पर प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को हमारे देश में नागरिकता प्राप्त करने में सक्षम बनाएंगे। इस अधिसूचना के साथ पीएम मोदी ने एक और प्रतिबद्धता पूरी की है और उन देशों में रहने वाले हिंदुओं, सिखों, बौद्धों, जैनियों, पारसियों और ईसाइयों के लिए हमारे संविधान निर्माताओं के वादे को साकार किया है।

### राजधानी दिल्ली समेत कई राज्यों में बढ़ाई सतर्कता

**नई दिल्ली।** नागरिकता संशोधन अधिनियम की अधिसूचना जारी होने के साथ ही राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत कई राज्यों में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है। उत्तर प्रदेश में जिलों को अलर्ट पर रहने के आदेश दिए गए हैं। डीजीपी प्रशांत कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पुलिस अधिकारियों की बैठक की। प्रशांत कुमार ने कहा कि राज्य में किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल तैयार है। दिल्ली सेंट्रल के डीसीपी एम हर्ष वर्धन ने कहा, दिल्ली सेंट्रल जिले के कई इलाकों में पुलिस की मौजूदगी बढ़ा दी गई है। त्योहारों का मौसम शुरू हो गया है। हमने अमन कमेटी के साथ बैठक भी की हैं। अगर कोई अफवाह फैलाने या लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है, तो हम उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।

## पोर्नोग्राफी मामले में फैसले पर आपत्ति

# सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले को बताया अत्याचारी, करेगा सुनवाई

**एजेंसी** | नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी से जुडे एक मामले में मद्रास हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुनवाई के लिए अपनी सहमति दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले को अत्याचारी करार दिया है जिसमें बच्चों के अश्लील वीडियो डाउनलोड करना और उसको देखने को अपराध नहीं माना गया था।

मद्रास हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ फरीदाबाद के जस्ट राइट्स फ़ॉर चिल्ड्रन अलायंस और नई दिल्ली स्थित बचपन बचाओ आंदोलन ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायाधीश जेबी पारदीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की पीठ ने दो याचिकाकर्ता संगठनों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एचएस फुल्का की दलीलों पर गौर किया कि उच्च न्यायालय का फैसला कानूनों के विपरीत था। शीर्ष अदालत ने इसे लेकर नोटिस भी जारी किया है। साथ ही तीन सप्ताह में जवाब भी मांगा है। इसके अलावा, अदालत ने चेन्नई निवासी एस हरीश और तमिलनाडु के दो संबंधित पुलिस अधिकारियों से भी जवाब मांगा।

### यह कहा था मद्रास हाई कोर्ट ने

उच्च न्यायालय ने 11 जनवरी को अपने मोबाइल फोन पर बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री डाउनलोड करने के आरोप में 28 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही रद्द कर दी थी। इसमें यह भी कहा गया था कि आज के बच्चे अश्लील वीडियो देखने की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं और उन्हें दंडित करने के बजाय, समाज को उन्हें शिक्षित करने के लिए इतना परिपक्व होना चाहिए। बता दें कि मद्रास हाई कोर्ट ने अपने फैसले में माना है कि बच्चों के अश्लील वीडियो डाउनलोड करना और उसे देखना पोक्सो और आईटी एक्ट के मुताबिक अपराध नहीं है।

## दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर चयन समिति की बैठक 14 को

**एजेंसी** | नई दिल्ली

चुनाव आयुक्तों के चयन पर बनी उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक अब 14 मार्च को होगी। बैठक में दो नए चुनाव आयुक्तों के नामों को अंतिम रूप दिया जाएगा। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि कानून मंत्रालय ने 14 मार्च को दोपहर 12 बजे होने वाली बैठक के लिए समिति के सभी सदस्यों को संशोधित पत्र भेजा है। इससे पहले बैठक 15 मार्च को शाम छह बजे होनी थी। शुक्रवार को अरुण गोयल ने चुनाव आयुक्त के पद से इस्तीफा दे दिया था। वहीं 14 फरवरी को अनूप चंद्र पांडे चुनाव आयुक्त के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। इसके बाद से ये पद खाली हैं। चयन समिति के अध्यक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं।

## भाजपा- कांग्रेस की चुनाव समितियों की बैठक

# दो पूर्व सीएम के बेटों को टिकट, वैभव गहलोत व नकुलनाथ होंगे मैदान में!

**एजेंसी** | नई दिल्ली

- भाजपा: आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक और हरियाणा के प्रत्याशियों के नामों पर विचार
- कांग्रेस: गुजरात, राजस्थान, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और असम की 60 से अधिक सीटों पर चर्चा





लोकसभा चुनावों को लेकर प्रत्याशियों की घोषणा के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों में मंथन जारी है। केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और विपक्षी पार्टियों में से कांग्रेस की सोमवार को अपनी अपनी बैठकों में प्रत्याशियों के नामों पर विचार विमर्श किया। दोनों दलों की केंद्रीय चुनाव समितियों की बैठक शीर्ष नेताओं की मौजूदगी में हुई।

सूत्रों के अनुसा कांग्रेस कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने सोमवार को पांच राज्यों गुजरात, राजस्थान, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और असम की 60 से अधिक सीटों पर चर्चा की और लगभग 40 उम्मीदवारों के नामों को फाइनल किया। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गेहलोत को जालौर से टिकट दिया जाना तय माना जा रहा है।

वहीं भाजपा की बैठक में जिन राज्यों के प्रत्याशियों पर विचार किया गया उनमें आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक और हरियाणा शामिल हैं। बैठक से पहले हरियाणा के उपमुख्यमंत्री एवं जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के नेता दुष्यंत चौटाला ने राज्य में सीट बंटवारे पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से बातचीत की। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने संभावित प्रत्याशियों की सूची पर मंथन किया। यहां यह उल्लेखनीय है कि हरियाणा भाजपा का एक वर्ग इस गठबंधन का विरोधी रहा है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी। जेजेपी ने विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा के साथ गठबंधन किया था। भाजपा अभी तक 16 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 195 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है। हालांकि उनमें से भोजपुरी गायक व अभिनेता पवन सिंह और उपेंद्र रावत चुनाव लड़ने से इनकार कर चुके हैं।

### कांग्रेस: कई राज्यों की सीटों पर किया मंथन

दूसरी ओर कांग्रेस की बैठक में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ को मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से और अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को राजस्थान के जालौर से एक बार फिर मैदान में उतारने पर विचार किया गया। समझा जाता है कि दोनों नेताओं को चुनाव मैदान में उतारा जाना तय है। चुनाव से पहले कमलनाथ और उनके बेटे नकुल दोनों के भाजपा में जाने की अटकलें तेज थीं। पार्टी द्वारा चुनाव के लिए 39 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी करने के कुछ दिनों बाद पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने के लिए पार्टी मुख्यालय में बैठक की। बैठक में जिन सीटों पर चर्चा हुई उनमें राजस्थान, असम और गुजरात की 14-14, मध्य प्रदेश की 16 और उत्तराखंड की पांच सीटों के अलावा केंद्र शासित प्रदेश दमन और दीव की एक सीट शामिल है।

### भाजपा-टीडीपी: सीटों के बंटवारे पर अंतिम मुहर

आंध्र प्रदेश में भाजपा और टीडीपी के बीच सीट बटवारे पर अंतिम मुहर लग गई है। इसके अनुसार, भाजपा लोकसभा की छह तो वहीं विधानसभा की 10 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसके अलावा, टीडीपी 17 लोकसभा तो 144 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी।

### कांग्रेस: कर्नाटक में 7-8 मंत्रियों को टिकट संभव

आगामी लोकसभा चुनावों तो लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा है कि कर्नाटक में कांग्रेस सात-आठ मंत्रियों को लोकसभा चुनाव में उतार सकती है। हालांकि ये आखिरकार पार्टी को तय करना होगा कि उम्मीदवार कौन होंगे।

## म्यूजिकल ईव: महिला तबला वादक अनुराधा पाल को किया गया सम्मानित

# पश्चिमी व पॉप संगीत शैली के साथ फ्यूजन संगीत की धमक

**बेधड़क.जयपुर।** गुलाबी नगरी की शाम पश्चिमी और पॉप संगीत शैली के साथ ही फ्यूजन संगीत से सराबोर रही। कला प्रेमियों के लिए विशेष प्रस्तुतियों में तबला और सिंगिंग खास रही, जिसने दिलों को छुआ। मौका था क्लासिकल, सेमी क्लासिकल और फॉक सिंगर रूना शिवामणि की जयपुराइट्स के लिए संगीतमय शाम का। सृजन द स्पार्क की ओर से लाइव म्यूजिकल ईव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को यादगार बनाते हुए शिवामणि ने अपने पश्चिमी और पॉप संगीत शैली के साथ फ्यूजन से रोमांचित किया। उन्होंने फिल्मी गाने, गजल, ठुमरी और सूफी संगीतय तराने प्रस्तुत किए।




### शास्त्रीय संगीत और संगीतकारों को देना है बढ़ावा

राजेश नवलखा ने बताया कि शास्त्रीय संगीत और संगीतकारों को बढ़ावा देते हैं। ऐसे में पाल को सम्मानित करना हमारे लिए खुशी की बात है। पाल का शास्त्रीय संगीत और भारतीय संगीत वाद्ययंत्र को अंतरराष्ट्रीय मंच पर बढ़ावा देने की सरहाना करते है। पाल ने अपने पति को अपने जीवन का सबसे बड़ा मार्ग दर्शक बताया और कहा कि मुझे खुशी है कि दो महिलाएं मंच पर कला का प्रदर्शन कर रही हैं। मैं सभी ऐसे पुरुषों क ा तहे दिल से शुक्रिया करना चाहूंग, जिनकी हौसलाअफजाई से महिलाएं भारत का नाम रोशन करने में आगे बढ़ रही हैं।





### सम्मान देकर बढ़ाया मान

कार्यक्रम के दौरान जैम प्लाजा द्वारा ज्ञान सृजन एक्सीलेंस अवॉर्ड 23-24 अनुराधा पाल को दिया गया। दुनिया की पहली पेशेवर महिला तबला वादक के रूप में प्रशंसित एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटेनिका और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स धारक तबला वादक, मल्टी-पर्क्यूशनिस्ट और संगीतकार पाल को सृजन द स्पार्क के चीफ पैट्रन आईपीएस प्रसन्ना खमेसरा, चेयरमैन राजेश नवलखा और प्रेजिडेंट सुरेश ढड्ढा ने सम्मानित किया। महिला शक्ति के लिए कार्य करती रही पाल को संगीत क्षेत्र में उल्लेखनीय स्थान प्राप्त करने के लिए मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर और इंडियन काउन्सिल फॉर कल्चरल रिलेशन्स द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

## टेक्नोलॉजी स्टार्टअप्स किए प्रस्तुत




**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर में आईआईएम अहमदाबाद वेंचर्स और एसएपी द्वारा आयोजित 'स्टार्टअप पिच डे' में 7 स्टार्टअप्स ने 'क्लाइमेट और सोशल इम्पैक्ट इनोवेशंस' के लिए टेक्नोलॉजी का लाभ कैसे उठाया जा सकता है पर आइडियाज प्रस्तुत किए। इन स्टार्टअप्स में कला स्टोर (हस्तनिर्मित कृतियों में ग्रामीण महिलाओं को कुशल बनाना), मेडब्लू (किफायती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा), आइडियाफोरेज इनोवेशन (गेम आधारित शिक्षा), चिकित्सा (स्वास्थ्य सेवा का डिजिटलीकरण), पशुपाल (छोटे डेयरी किसानों के लिए ऋण आधारित समग्र समाधान), कुमाऊंखंड (हेम्प इकोसिस्टम) और जेपल (वायु शुद्धिकरण प्रणाली) शामिल थे। इन स्टार्टअप्स ने निवेशकों और जयपुर के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित लोगों के सामने अपने आइडियाज रखे। हर स्टार्टअप के प्रजेंटेशन के बाद क्यू एंड ए राउंड आयोजित हुआ। उपस्थित लोगों ने विभिन्न मापदंडों पर स्टार्टअप का मूल्यांकन किया और अपनी प्रतिक्रिया दी। इससे पहले अन्य पिच डे इंदौर और मैसूर में आयोजित किए गए और अगला आयोजन कोयंबटूर में होगा। इन '4 पिच डेज' में से 5 चयनित स्टार्टअप्स को 50 लाख रुपए तक की फंडिंग की जाएगी।

## 25 मॉडल्स करेंगी कलेक्शन शोकेस




**बेधड़क. जयपुर।** पिंक कॉन्सेप्ट्स की ओर से 20 मार्च को होने वाले वन नाइट फैशन सीक्वेंसेज एंड अवॉर्ड फेलिसिटेशन के पोस्टर का विमोचन राजस्थान पुलिस के डीजीपी (साइबर क्राइम, एससीआरबी एंड टेक्निकल सर्विसेज) डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा और डिक्की राजस्थान चैप्टर के चेयरपर्सन अंकित बबेरवाल ने किया। 20 मार्च को शाम 6.30 बजे वैशाली नगर स्थित एटम रूफटॉप लाउंज में सेरेमनी आयोजित की जाएगी। ईवनिंग में राजस्थान की चयनित 25 मॉडल्स कैटवॉक कर भरत जैसवानी का वेस्टर्न ड्रेसेज कलेक्शन और पायल सोनी के डायरेक्शन में स्टाइलिंग के लेटेस्ट ट्रेंड्स को शोकेस करेंगी। अर्थ सांखला के डायरेक्शन में मॉडल्स की कोरियोग्राफी होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान पुलिस के डीजीपी (साइबर क्राइम, एससीआरबी एंड टेक्निकल सर्विसेज) डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा होंगे। कार्यक्रम में फैशन और लाइफ स्टाइल के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान करने वाली हस्तियों को स्टाइल ऑन अवॉर्ड से नवाजा जाएगा।

## City इवेंट्स

### नए-पुराने गीतों से सुहानी हुई शाम



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर कल्चरल सोसायटी ने संस्थापक स्व. आनन्द गंगवार की पुण्य तिथी पर संगीतमय शाम 'अगर तुम न होते' का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के कई गायक कलाकारों ने प्रस्तुतियां दीं। 40 कलाकारों ने फिल्म संगीत से रचे बचे 40 तराने प्रस्तुत कर दर्शकों की वाहवाही लूटी। भजन गायक पुनीत गुप्ता, प्रियंका गौड़, प्रीति पुरोहित, डॉ. वर्षा श्रीवास्तव, पूनम जैन, शेखर श्रीवास्तव, कैलाश सोलकी, उर्मिला नियति, ज्योति सुखनानी, अजू सुखीजा, अम्बे माथुर, दीपा जैन, मौसनी चटर्जी, शशिकात आर्य, वंदना जैमिनी आदि ने प्रस्तुति दी। अगर तुम न होते, तेरे बिना जिंदगी से कोई, किस मोड़ पर जाते हो, हाल कैसा है जनाब का, गुनगुना रहे हैं भंवरे, मैंने कसम ली, शोखियो में घोला जाए, अच्छा जी मैं हारी, रिमझिम रिमझिम आदि गीत प्रमुख रहे। मंच संचालन भारती शर्मा ने किया।

### ठाकुर ने जीता मिस्टर क्लासिक का खिताब




**बेधड़क. जयपुर।** 11वीं मिस्टर क्लासिक ओपन बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में 111 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में इन्द्र कुमार ठाकुर ने मिस्टर क्लासिक का खिताब जीता तथा मसल्स मैन ऑफ क्लासिक इरफान खान रहे। आयोजक ओम प्रकाश वर्मा ने बताया कि मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश मंत्री रणजीत सिंह सोडाला तथा विशिष्ट अतिथि सपना पूनिया मौजूद रहीं। उन्होंने बताया कि मैन फिजिक 170 सेमी से कम में कुलदीप यादव, शाहीद, खलील तथा 170 सेमी से अधिक में यश शर्मा, इरफान खान, इरशान, 55 किलो से कम में शहजाद प्रथम, दरयाब द्वितीय, 55-60 किलो में मो. खलील प्रथम, मनोज द्वितीय, अशरफ तृतीत, 60-65 किलो में रौनक प्रथम, इरफान द्वितीय, जावेद खान तृतीय, 65-70 किलो में इन्द्र कुमार ठाकुर प्रथम, रसीद कुरैशी द्वितीय, हर्षवर्धन तृतीत, 70-75 किलो में सिद्धार्थ प्रथम, गौरव द्वितीय, नियाज तृतीय, 75-80 किलो में दीपक सरावता प्रथम, विकेश कुमार द्वितीय, अब्दुल तृतीय, 80-85 किलो में मो. सद्दाम प्रथम, कुलदीप सिंह द्वितीय, नमन शर्मा तृतीय, 85 किलो से अधिक में इरफान खान प्रथम, शाकित कुरैशी द्वितीय रहे। मास्टर्स कैटेगिरी में इन्द्रकुमार ठाकुर प्रथम, दीपक सरावता द्वितीय, अजय कुमार शर्मा तृतीय रहे।

## अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की बैठक

# युवाओं को संगठन से जोड़ने के लिए चलेगा अभियान



**बेधड़क | जयपुर**

अखिल भारतीय कुशवाहा (सैनी/माली) महासभा राजस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के साथ ही समाज के सामाजिक संगठनों की समन्वय समिति के कार्यों पर चर्चा की गई। अध्यक्ष गजानंद सैनी ने बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों में समाज की ओर से शादी के समय दो गोत्रों (माता-पिता) को प्रमुखता देने के बाद अब जयपुर सहित समस्त राजस्थान में इसको लागू करने की बात कही गई। साथ ही बैठक में निर्णय लिया गया कि समाज को मजूबत करने और समाज के युवाओं को संगठन से जोड़ने के लिए सदस्यता अभियाल चलाया जाएगा।

राष्ट्रीय अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के अन्तरराष्ट्रीय संयोजक रामेश्वर प्रसाद सैनी ने बताया कि समाज के सभी संगठनों को महात्मा जयोतिबा फूले की छतरी के नीचे लाने के लिए समन्वय की घोषणा की गई। शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर के गरीब और निम्न वर्ग के बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए समिन्वत प्रयास किए जाएंगे। बैठक में महासभा की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष यशोदा कुशवाहा, महा-सचिव कैलाश चंद सैनी, कार्यकारिणी सदस्य अजय सैनी, स्वामी विवेकानंद महाविघालय के छात्रसंघ अध्यक्ष नरेन्द्र सैनी, राजकीय पीजी महाविघालय नीमकाथाना के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष विनोद भूदोली, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष जगदीश सैनी सहित कई शामिल हुए।

## रामबाग गोल्फ क्लब में कॉर्पोरेट लीग सम्पन्न

# टीम राज्जास और रॉयल गोल्फर्स टीमों ने दिखाया शानदार खेल




**बेधड़क | जयपुर**

रामबाग गोल्फ क्लब में कॉर्पोरेट लीग व रेगुलर कॉर्पोरेट लीग खेली गई। लीग के एलीट ग्रुप में टीम राज्जास विजेता रही और रॉयल गोल्फर्स उपविजेता टीम रही।

द्वितीय रनर-अप टीम ग्लोबल गोल्फर्स और टीम बैंक ऑफ बड़ौदा तृतीय रनर-अप रही। वहीं प्लेट ग्रुप में टीम आरएसपीएल ब्रेवहार्ट गोल्फर्स विजेता रही व टीम व्हाइट ऑक ट्रेलब्लेजर्स उपविजेता रही। मुख्य अतिथि अजय कुमार खुराना, लीग चैयरमेन शिरीष सचेती, मनमोहन गुप्ता और एचटी सोलंकी रहे। राज्जास में आदित्य पूनिया, जस बैराठी, देवांश बंसल, अर्चित गोयल, शिवेन सचेती, सुमित गहलोत, साराह चौधरी थे। रॉयल गोल्फर्स से राहुल सबलावत, आशीष जैन, विकास बैद, मनोविराज शेखावत, सन्जू अग्रवाल, हृदान सरावगी, अरविन्द फतेहपुरिया, राहुल चौधरी, सतीश राजोरिया खेले। टीम ग्लोबल गोल्फर्स के लिए गिर्राज अग्रवाल, विभोर अग्रवाल, अभिमन्यु विजय, विकास दमानी, उमंग धानुका, अनूप सोंखिया, अंकित चौधरी, गौरव स्वामी और तृतीय रनर-अप टीम बैंक ऑफ बड़ौदा के लिए विक्रमादित्य सिंह, पृथ्वीराज सिंह राठौड़, डॉ. अजयवीर सिंह, संजय व्यास, रन्जय सिंह, हमीर सिंह, अहसास खानिजाऊ, कृष यादव, हर्षिता पटवा थे। आरएसपीएल ब्रेवहार्ट गोल्फर्स टीम में देव्यांशु तिवाड़ी, अतुल जैन, कैलाश जोशी, भुवनेश झालानी, मुरलीधर मोटवानी, विकास शर्मा, सन्दीप माथुर, देव्यानी तिवाड़ी थे।

## प्रेस क्लब | कलाकारों ने फाग के गीतों पर दी शानदार प्रस्तुति

# फागोत्सव में मची धमाल, फूलों की होली रही आकर्षण

**बेधड़क | जयपुर**

फूलों की खुशबू के बीच फाग का उत्सव मना तो हर कोई उत्सवी रंग में रंगा नजर आया। तालियों और हूटिंग के बीच सभी कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। नजारा था फागोत्सव में राजस्थान की प्रसिद्ध कलाकार नेहा रोहिला के ग्रुप के फागुन के गीतों पर मनोहारी प्रस्तुति का, जो पिंक सिटी प्रेस क्लब में आयोजित किया गया।

### चंग धीरो रे बजावण...

कार्यक्रम संयोजक राहुल गौतम ने बताया कि होलिया में उड़े रे गुलाल, चंग धीरों रे बजावण वाला, रंग मत डाल रे, नाच गौरी बाज चंग, कुण रंग डाल्यों, मेरे बांके बिहारी लाल पर नृत्यों की मनोहारी प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर फूलों की होली से माहौल को इन्द्रधनुषी रंग में रंग दिया। मंच संचालन राजेन्द्र शर्मा राजू ने किया। फूलों की होली खेली गई तो पूरा ऑडिटोरियम खुशबू से सरोबार हो गया। कार्यक्रम में जर्नलिस्ट लोगों के साथ उनके परिवाजन ने भी हिस्सा लिया।






### ये रहे मौजूद

समारोह में जयपुर सांसद रामचरण बोहरा, जयपुर नगर निगम ग्रेटर डॉ. सौम्या गुर्जर, पूर्व कैबिनेट मंत्री अरूण चतुर्वेदी, हवा महल विधायक बालमुकुन्द आचार्य, सामान्य प्रशासन विभाग की अतिरिक्त सचिव नीतू राजेश्वर, रविन्द्र मंच की प्रबंध सोविला माथुर, राजस्थान संगीत नाटक अकादमी के पूर्व चेयरमैन अशोक पाण्डया, पदमश्री तिलक गिताई आदि अतिथि उपस्थित रहे। उनका स्वागत किया गया।



झूठे ज्ञान से सावधान रहिए, ये अनपढ़ रहने से भी ज़्यादा खतरनाक है।

विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## ऑस्कर अवॉर्ड 2024 के विजेताओं की घोषणा, सितारों से जगमगाया रहा समारोह

# क्रिस्टोफर बेस्ट डायरेक्टर, ओपेनहाइमर का दबदबा

**एजेंसी** । वॉशिंगटन

ऑस्कर अवॉर्ड्स 2024 के विजेताओं के नाम सामने आ चुके हैं। 96वें अकादमी अवॉर्ड लॉस एंजलिस में आयोजित हुआ। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के मोस्ट पॉपुलर अवाड्र्स का लाइव टेलीकास्ट डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर हुआ। इस साल ओपेनहाइमर का अकादमी अवॉर्ड्स में दबदबा देखने को मिला है।

ओपेनहाइमर ने बेस्ट फिल्म एडिटिंग, बेस्ट ओरिजिनल स्कोर और बेस्ट सिनेमैटोग्राफी कैटेगरी के अवॉर्ड भी अपने नाम किए हैं। फिल्म कुल 13 कैटेगरी में नॉमिनेट हुई थी। ओपेनहाइमर ने 7 ऑस्कर जीते। वहीं किलियन मर्फी को बेस्ट एक्टर, एम्मा स्टोन को बेस्ट एक्ट्रेस के ऑस्कर से नावाजा गया। क्रिस्टोफर नोलन बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड मिला। इस फिल्म के डायरेक्टर, एक्टर और स्पोर्टिंग रोल एक्टर को ऑस्कर मिला है।

ऑस्कर अवॉर्ड्स तीन राउंड में विजेताओं की घोषणा की गई। पहले राउंड में मिशेल फीफर, जैंडेया, निकोलस केज, अल पचिनो, महेरशला अली, ब्रेंडन फ्रेजर, जेमी ली कर्टिस, मैथ्यू मैक्कनौगी, जेसिका लांग, लुपिता न्योंगो, के ह्वी क्वान, मिशेल येओह और सैम रॉकवेल प्रेजेंटर्स रहे।

दूसरे राउंड में क्रिस हेम्सवर्थ, ड्वेन जॉनसन, रेगिना किंग, जेनिफर लॉरेंस, रीटा मॉरिनो, जॉन मुली प्रेजेंटर्स बने। वहीं, एमिली ब्लंट, सिंथिया एरियो, अमेरिका फेरारा, रायन गॉसलिंग, एरियाना ग्रांड, बेन किंग्सले ने तीसरे राउंड के अवॉर्ड्स दिए।




### ओपेनहाइमर को मिले सबसे ज्यादा नॉमिनेशन

इस बार नॉमिनेशन में सबसे ज्यादा जलवे ओपेनहाइमर के हैं। किलियन मर्फी स्टारर फिल्म को 13 कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया है। पूअर थिंग्स को 11 नॉमिनेशन मिले हैं। इसके अलावा बार्बी और किलर्स ऑफ द फ्लावर मून समेत कई फिल्मों को नॉमिनेट किया गया है। भारतीय मूल की कैनेडियन फिल्ममेकर निशा पाहुजा की टू किल ए टाइगर ऑस्कर में नॉमिनी है। सभी सितारों ने रेड कार्पेट पर जलवा बिखेरना शुरू कर दिया है। ओपेनहाइमर स्टार किलियन मर्फी से ड्यून 2 की जेंडाया तक ने अपने स्टनिंग लुक से रेड कार्पेट पर ग्लैमर का तड़का लगाया है।



किलियन मर्फी बेस्ट एक्टर



एम्मा स्टोन को बेस्ट एक्ट्रेस

### पूअर थिंग्स ने जीते चार ऑस्कर

फिल्म पूअर थिंग्स ने चार कैटेगरी में ऑस्कर जीते। फिल्म की लीड एक्ट्रेस एमा स्टोन को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। ये एमा का दूसरा ऑस्कर अवॉर्ड है। इससे पहले उन्होंने 2016 में फिल्म ला ला लैंड के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का ऑस्कर जीता था। बेस्ट एक्ट्रेस के अलावा पूअर थिंग्स को बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइन, प्रोडक्शन डिजाइन और मेकअप एंड हेयरस्टाइलिंग कैटेगरी में भी ऑस्कर मिला।

### ऑस्कर 2024 विजेता

- **बेस्ट अभिनेत्री** - एम्मा स्टोन
- **बेस्ट अभिनेता** - सिलियन मर्फी
- **बेस्ट निर्देशन** - क्रिस्टोफर नोलन
- **बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग** - 'व्हाट वाज आई मेड फॉर?' 'फिल्म बार्बी'
- **बेस्ट साउड** - 'द जोन ऑफ इंटरेस्ट'
- **बेस्ट सपोर्टिंग अभिनेत्री**- डेविन जॉय रैंडोल्फ, 'द होल्डओवर्स'
- **बेस्ट एनिमेटेड शॉर्ट फिल्म:** 'वार इज ओवर नाउ'
- **बेस्ट एनिमेटेड फीचर:** 'द बॉय एंड द हेरॉन'
- **बेस्ट ओरिजनल स्क्रिप्ट:** 'एनाटॉमी ऑफ ए फॉल'
- **बेस्ट अडॉप्टेड स्क्रीनप्ले:** 'अमेरिकन फिक्शन'
- **बेस्ट मेकअप और हेयरस्टाइल:** 'पुअर थिंग्स'
- **बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन:** 'पुअर थिंग्स'
- **बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइन:** 'पुअर थिंग्स'
- **बेस्ट अंतर्राष्ट्रीय फीचर:** 'द जोन ऑफ इंटरेस्ट'

## मलबे के ढेर और टूटी मस्जिद में पढ़ी नमाज

# जंग के भयानक मंजर के बीच शुरू हुआ रमजान

## गाजा में युद्ध प्रभावित लोगों के सामने खाने-पीने का भी संकट

**एजेंसी** । काहिरा

रमजान का पवित्र महीना खाड़ी देशों के ज्यादातर हिस्सों में सोमवार से शुरू हो गया है। जंग के भयानक दौर से गुजर रहे गाजा में इस बार रमजान इजराइल की बम-बारी और भुखमरी के साथ आया है। जहां पूरी दुनिया के मुस्लिम देश रमजान की रोशनी में जगमगा रहे हैं, वहीं गाजा में इस साल अंधेरा छाया है। गाजा की लगभग सभी मस्जिदें इजराइल की बम-बारी के बाद मलबे का ढेर बन गई हैं, रोजा इफ्तार करने के लिए गाजा के लोगों के पास ठीक से खाना भी नहीं है। रविवार शाम को रमजान का चांद देखने के बाद गाजा के कई हिस्सो में तरावीह की नमाज पढ़ी गई। तस्वीरों में गाजा के लोग टूटी हुई मस्जिद के मलबे पर तरावीह पढ़ते दिखाई दे रहे हैं। नमाज पढ़ने वालों में बूढ़े, जवान और बच्चे सभी शामिल हैं। इसके अलावा वीडियों में बम-बारी से तबाह हुई मस्जिद को साफ देखा जा सकता है।



### मलबे के ढेर को भी सजा रहे गाजावासी

रमजान में अक्सर मुसलमान अपने घरों को सजाते हैं। लेकिन गाजा में लोगों के पास घर नहीं बचे हैं, गाजा के लोग टेंटों में अपने रमजान गुजारने को मजबूर हैं। फिलिस्तीनियों ने अपने टेंटों को लेम्प और लाइट्स से रोशन किया है, सोशल मीडिया पर आई गाजावासियों की तस्वीरों में बच्चों को रमजान का जश्न मनाते देखा जा सकता है। गाजा में युद्ध प्रभावित लोगों के सामने खाने-पीने का भी संकट है। आसमान से पैराशूट के जरिए खाने के सामान लोगों तक पहुंचाए जा रहे हैं। कई ऐसी तस्वीरें सामने आई हैं कि जिनमें लोग पैराशूट से आने वाली मदद के पीछे भागते दिखाई पड़ते हैं। हाल ही में कुछ लोग खाना हासिल करने के चक्कर में घायल भी हुए और कुछ लोगों की मौत की भी खबरें आईं।

### युद्धविराम की कोशिशें नाकाम

UN और मध्यस्ता कराने में लगे हुए देशों की कोशिश थी कि रमजान के महीने से पहले हमास और इजराइल के बीच सीजफायर हो जाए। लेकिन हमास इस डील से ये कहते हुए पीछे हट गया कि पूर्ण युद्धविराम के अलावा हम को अस्थाई संघर्ष विराम नहीं करेंगे। गाजा में जंग के शुरू होने से लेकर अब तक कम से कम 31,045 फिलिस्तीनी मारे गए हैं और 72,654 घायल हुए हैं। हमास के 7 अक्टूबर के हमलों में करीब 1200 इजराइली नागरिकों की मौत हुई थी और 200 के करीब लोगों को बंदी बनाया गया था।

## एलन मस्क की कंपनी SpaceX ने फिर किया कमाल

# छह घंटे में 46 स्टारलिंक सैटेलाइट लॉन्च

**एजेंसी** । नई दिल्ली

एलन मस्क की एयरोस्पेस कंपनी स्पेसएक्स ने सोमवार को छह घंटे के भीतर पृथ्वी की निचली कक्षा में 46 स्टारलिंक इंटरनेट उपग्रहों को प्रक्षेपित किया। कंपनी ने अपने एक बयान में कहा, उपग्रहों को फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन में स्पेस लॉन्च कॉम्प्लेक्स 40 (एसएलसी -40) से कंपनी के दो चरण वाले फाल्कन 9 रॉकेट से प्रक्षेपित किया गया है। 23 उपग्रहों का पहला सेट भारतीय समय के अनुसार सोमवार सुबह 4:35 बजे रवाना हुआ। कंपनी ने कहा, 'यह इस मिशन का सपोर्ट करने वाले रॉकेट की 11वीं उड़ान थी। इसने पहले क्रू-5, जीपीएस 3 स्पेस व्हीकल 6, इनमारसैट आई6-एफ2, सीआरएस-28, इंटेलसैट जी-37, एनजी-20 और अब पांच स्टारलिंक उपग्रह प्रक्षेपित किए जा चुके हैं। उड़ान भरने के लगभग 8.5 मिनट बाद, फाल्कन 9 का पहला चरण पृथ्वी पर वापस आया और स्पेसएक्स ड्रोन जहाज ने लैंडिंग की। उपग्रहों के प्रक्षेपण के एक घंटे बाद स्पेसएक्स ने एक ट्वीट में कहा, 23 स्टारलिंक उपग्रहों के सफल प्रक्षेपण की पुष्टि हो गई है। 23 स्टारलिंक उपग्रहों के दूसरा सेट का प्रक्षेपण सुबह 9:39 बजे (भारतीय समयानुसार) हुआ। पिछले हफ्ते, स्पेसएक्स ने 23 स्टारलिंक इंटरनेट उपग्रहों को प्रक्षेपित किया था।



### पिछले साल ऑर्बिट में लॉन्च किए कई उपग्रह

इससे पहले 9 अगस्त को स्पेसएक्स ने अपने स्टारलिंक इंटरनेट उपग्रहों का एक और बड़ा बैच ऑर्बिट में लॉन्च किया था और समुद्र में एक जहाज पर एक रॉकेट उतारा। स्पेसएक्स कर्मिशियल इंटरनेट सेवा प्रदान करने के लिए स्टारलिंक नामक एक उपग्रह इंटरनेट समूह विकसित कर रहा है। जनवरी 2020 में स्टारलिंक कंसटेलेशन अब तक का सबसे बड़ा उपग्रह तारामंडल बन गया है और जुलाई 2022 तक इसके ऑर्बिट में 2700 से अधिक छोटे उपग्रह शामिल हैं।

## भारत के सामने दर्ज कराया राजनयिक विरोध

# मोदी के अरुणाचल दौरे से बौखलाया चीन

**एजेंसी** । बीजिंग

चीन ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले सप्ताह अरुणाचल प्रदेश का दौरा करने को लेकर उसने भारत के समक्ष राजनयिक विरोध दर्ज कराया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत के इस कदम से सीमा विवाद और जटिल होगा। प्रवक्तान ने अरुणाचल प्रदेश को चीन का हिस्सा तक बता दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को अरुणाचल प्रदेश में 13,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित सेला सुरंग राष्ट्र को समर्पित की थी। यह सुरंग सामरिक महत्व रखने वाले तवांग तक हर मौसम में सड़क संपर्क मुहैया करेगी और इससे सीमांत क्षेत्र में सैनिकों की सुगमता से आवाजाही सुनिश्चित होने की भी उम्मीद है। असम के तेजपुर को अरुणाचल के पश्चिम कामेंग जिले से जोड़ने वाली सड़क पर यह सुरंग बनाई गई है।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl